
दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना
वर्ष-3, अंक-33
इन्दौर,शुक्रवार
4 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.
RNI-MPHIN/2013/53761
DAVP 133088/20/02/2020

**चाणक्य नीति**

'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'

मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।

-चाणक्य



प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## न्यूज़ ब्रीफ

### म्यांमार में भूकंप के तीव्र झटके से व्यापक विनाश

**यांगून।** म्यांमार में शुक्रवार को आए शक्तिशाली भूकंप से दो अप्रैल तक व्यापक विनाश हुआ है। सरकारी दैनिक म्यांमार एलिन ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में बताया कि घरों, कार्यालयों, स्कूलों, धार्मिक स्थलों, अस्पतालों और कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा है।

### बंगलादेश में दो बसों की टक्कर से दस की मौत

**ढाका ।** बंगलादेश के चटगांव में बस और मिनीबस के बीच आमने-सामने की टक्कर से 10 लोगों की मौत हो गयी है। चटगांव जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी आरिफुर रहमान ने बताया कि दुर्घटना बुधवार को उस समय हुई जब कॉक्स बाजार जा रही बस एक मिनीबस से टकरा गयी। घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि सभी यात्री रिश्तेदार थे जो ईद की छुट्टियों का आनंद लेने के लिए समुद्र तटीय शहर कॉक्स बाजार जा रहे थे।

### इंडोनेशिया में शक्तिशाली भूकंप के झटके

**जकार्ता ।** इंडोनेशिया के पूर्वी उत्तरी मालुकु प्रांत में गुरुवार सुबह शक्तिशाली भूकंप के झटके महसूस किये गये। मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी के मुताबिक स्थानीय समयानुसार 04¬03 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.9 मापी गयी। भूकंप का केंद्र उत्तरी हलमाहेरा रीजेंसी में लोलोडा उप-जिले से 121 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्रतल से 42 किलोमीटर की गहराई में रहा।

### इज़रायली हमलों में सीरिया में दस लोगों मारे गए

**बेरूत (एजेंसी)।** सीरिया के दक्षिणी प्रांत दारा में इज़रायली वायु सेना द्वारा किए गए हमले में दस लोग मारे गए है। सीरियाई टेलीविजन चैनल सीरिया टीवी ने यह जानकारी दी। इससे पहले सीरियाई अखबार अल वतन ने बताया कि दारा प्रांत के निवासियों की इज़रायली सेना से झड़प हुई। प्रकाशन के अनुसार इज़रायली सेना को विमान और गोलाबारी की आड़ में पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।


### मकान में आग लगने से तीन लोंगो की मौत

**हनोई ।** दक्षिण वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में बुधवार तड़के एक दो मंजिला मकान में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार आग

# वक्फ बिल राज्यसभा से 12 घंटे चर्चा के बाद पास

## मोदी बोले- यह बड़ा सुधार, ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा; कांग्रेस-DMK विरोध में सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन बिल गुरुवार देर रात को 12 घंटे से ज्यादा लंबी की चर्चा के बाद राज्यसभा से भी पास हो गया। बिल के पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। इससे पहले बुधवार को लोकसभा में यह बिल 12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। अब यह बिल राष्ट्रपति के पास जाएगा। उनकी स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वक्फ संशोधन बिल के पास होने को एक बड़ा सुधार बताया।



उन्होंने शुक्रवार सुबह ङ्क पर लिखा कि यह कानून ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएगा और गरीब-पसमांदा मुस्लिमों के अधिकारों की रक्षा करेगा। इससे पहले बिल पर चर्चा के दौरान बीजू जनता दल (BJD) ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी नहीं किया था। पार्टी ने कहा था- सांसद अपनी अंतरात्मा की सुनें और वक्फ बिल पर फैसला लें। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने चर्चा के दौरान कहा- वक्फ ने एक बार ताजमहल पर भी दावा कर दिया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई थी। इधर, विपक्ष वक्फ संशोधन बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी कर रहा है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बाद अब कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए × पर लिखा- संविधान की रक्षा के लिए हर मंच पर आवाज उठाते रहेंगे। JDU ने वक्फ बिल संशोधन बिल पर मोदी सरकार का समर्थन किया है। इसके बाद बिल को समर्थन देने से नाराज 4 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। इनमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहनवाज मलिक, प्रदेश महासचिव मो. तबरेज सिद्दीकी अलीग, भोजपुर से पार्टी सदस्य मो. दिलशान राईन और मोतिहारी की ढाका विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद कासिम अंसारी शामिल हैं। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि व्यापक चर्चा के बाद तैयार किए गए बिल को जेपीसी के पास भेज दिया गया था। जेपीसी के बाद बुधवार देर रात तक चर्चा के बाद इस बिल को लोकसभा से पारित कर दिया गया। संशोधित बिल में हमने ट्रांसपैरेंसी, अकाउंटेबिलिटी, एक्यूरेसी पर केंद्रित बदलाव किए हैं। रिजिजू बोले- वक्फ बिल के ओरिजिनल ड्राफ्ट और अब के ड्राफ्ट को देखें तो कई चेंज हमने किए हैं। यह चेंज सबके सुझाव से ही हुए हैं। जेपीसी में ज्यादातर लोगों के सुझाव स्वीकार हुए हैं। सारे सुझाव स्वीकार नहीं हो सकते। ये लोकतंत्र का नियम है, जिसका बहुमत होता है, वही सरकार बनाता है।

### खड़गे ने कहा- मेरे पास वक्फ की एक इंच जमीन नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार का इरादा ठीक नहीं है। वक्फ लैंड किसको देंगे यह सामने नहीं आया। व्यापारियों को देंगे...मुझे पता नहीं। अंबानी-अडाणी जैसे लोगों को खिलाएंगे। मैं गृहमंत्री से अपील करूंगा कि आप इसे वापस ले लें। इसे प्रेस्टीज ईश्यू न बनाएं। मुसलमानों के लिए ये अच्छा नहीं है। संविधान के खिलाफ है। अनुराग ठाकुर आरोप लगाते हैं कि मेरे परिवार के पास वक्फ की जमीन है। मैं बताना चाहता हूं कि मेरे पास वक्फ की एक इंच भी जमीन नहीं है। अनुराग या तो इस आरोप को साबित करें या इस्तीफा दें।

### नड्डा बोले- उम्मीद है सदन इस बिल का समर्थन करेगा

राज्यसभा में वक्फ बोर्ड बिल के पक्ष में जेपी नड्डा ने कहा कि, हमें उम्मीद है सदन इस बिल का समर्थन करेगा। 2013 में उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, इफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) बिल के लिए जब जेपीसी बनी थी, तब उसमें 13 सदस्य थे। मोदी सरकार में बनी जेपीसी में 31 सदस्य थे। डेमोक्रेसी का मानक यह नहीं कि हम आपकी ही बात मानें। वाद-विवाद तर्क पर होगा।

### संजय राउत ने कहा- मुस्लिमों की इतनी चिंता जिन्ना ने भी नहीं की थी

शिवसेना (UBT) सांसद संजय राउत ने बिल के खिलाफ में कहा कि आपको मुस्लिमों की चिंता कब से होने लगी। आप लोग उनको चोर बोलते हो, बोलते हो की मुस्लिम आपकी जमीन छीन लेंगे, गले की चेन छीन लेंगे। 40 हजार कश्मीरी पंडितों की जमीन वापस नहीं मिली और चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा किया है। सरकार को उस जमीन की चिंता करनी चाहिए।

आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने बिल के खिलाफ कहा कि बहुमत आजादी की गारंटी नहीं होता है। जहां चाहे खुदाई करके चीजों को तलाशा जा रहा है। इस देश के हिंदुओं को मुसलमानों की आदत है। मुसलमानों को हिंदुओं की आदत है। इस आदत को मत बदलिए।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के भारत सहित दुनिया भर के देशों पर लगाये गये टैरिफ के कारण बाजार नीचे आया। ट्रंप सरकार ने भारत से अमेरिका में आयात पर 27 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की है जिससे घरेलू बाजारों पर दबाव पड़ा है। ट्रंप की घोषणा के बाद आईटी शेयरों में भी गिरावट रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 322.08 अंक करीब 0.42 फीसदी नीचे आकर 76,295.36 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 82.25 अंक तकरीबन 0.35 फीसदी नीचे आकर 23,250 पर बंद हुआ। ट्रंप ने भारत सहित 180 देशों पर नए टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अमेरिका से जुड़ी आईटी कंपनियों के शेयरों में गिरावट रही। इसमें टीसीएस के शेयर सबसे ज्यादा 4 फीसदी नीचे आये। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा के शेयर भी 4 फीसदी गिरे।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.41 पर बंद हुआ। इससे पहले रुपया आज सुबह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ की घोषणा के बाद शुरुआती कारोबार में 26 पैसे टूटकर 85.78 प्रति डॉलर पर आ गया। ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्कों का मुकाबला करने के लिए करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है।

## प्रेम संबंधों का बिगड़ना और जोड़ों का अलग होना दुष्कर्म का कारण नहीं हो

### सुको ने शादी के झूठे वादे के आधार पर दुष्कर्म मामले दर्ज होने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने विवाह के झूठे वादे के आधार पर दुष्कर्म मामले दर्ज करने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि प्रेम संबंधों का बिगड़ना और जोड़ों का अलग होना, आदर्श रूप से महिलाओं के दुष्कर्म मामले दर्ज कराने का कारण नहीं होना चाहिए, विशेष रूप से समाज में बदलते नैतिक मूल्यों के संदर्भ में यह नहीं होना चाहिए। कोर्ट में एक व्यक्ति ने याचिका दायर कर दुष्कर्म के आरोपों को रद्द करने की मांग की थी। आरोप उसकी मंगेतर ने लगाया था, जिससे सगाई टूट गई थी। महिला का दावा था कि विवाह के झूठे वादे कर उसे शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया। सीनियर वकील पीड़िता की ओर से पेश हुई। कोर्ट ने कहा कि यह तथ्य कि महिला ने इतनी वरिष्ठ अधिवक्ता को नियुक्त किया है, स्वयं प्रमाणित करता है कि उसे भोली नहीं कहा जा सकता। कोर्ट ने कहा कि आप बालिग थीं। यह नहीं कहा जा सकता कि आपको धोखे से विश्वास दिलाया गया कि आपसे शादी की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले अक्सर समाज की रूढ़िवादी मानसिकता के परिणाम हैं, क्योंकि इसमें हमेशा पुरुष को दोषी माना जाता है। हम इसे केवल एक ही दृष्टिकोण से नहीं देख सकते। हमें किसी एक जेंडर के प्रति पक्षपात नहीं रखना चाहिए। हमारे घर में भी बेटी हैं और यदि वह भी इसी स्थिति में होती है, तो इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा।

**गर्मी दिखाने लगी असर**

## देश के कई राज्यों में हो सकती है बारिश

### दिल्ली-एनसीआर में 4 से 5 दिनों में 40 डिग्री पहुंच सकता है पारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब गर्मी अपना असर दिखाने लगी है, लेकिन कुछ जगहों पर अभी भी बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ के लिए अलग-अलग पूर्वानुमान लगाए हैं। दिल्ली में अधिकतम तापमान बढ़ने के आसार हैं। वहीं मध्य प्रदेश में बारिश की संभावना है। यूपी में गर्मी बढ़ रही है, जबकि राजस्थान के तापमान में भी बढ़ोतरी होगी, उत्तराखंड में गर्मी का प्रकोप जारी है, तो छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना जताई जा रही है। देश के कई राज्यों में अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी पड़ सकती है। मध्य प्रदेश में कई जगहों पर बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।



दिल्ली-एनसीआर के लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही हैं। तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। अगले 4 से 5 दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। बीते दिनों प्रदेश के कई हिस्सों में लू का अलर्ट जारी किया था, लेकिन अभी करीब 3 से 4 दिनों तक लू का दौर जारी रहेगा।

## सुप्रीम कोर्ट के जज संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ज्यूडीशियरी में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। 1 अप्रैल को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है। जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डीटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि, वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी।



## मुंबई में लॉरेंस गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

### निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार, 2 अप्रैल को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लॉरेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं। दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है। इससे पहले 26 मार्च को लॉरेंस गैंग से लगातार मिल रही धमकियों पर सलमान खान ने पहली बार चुप्पी तोड़ी। मुंबई में फिल्म सिकंदर की प्रेस मीट में कहा कि भगवान-अल्लाह ने जितनी उम्र लिखी होगी, उतनी जरूर जिएंगे। सिक्योरिटी बढ़ाई जाने पर सलमान ने कहा, कभी-कभी इतने लोगों को साथ लेकर चलने से दिक्कत हो जाती है। सलमान ने अपने पेट डॉग का किस्सा भी सुनाया।

**रंग लाई एकनाथ शिंदे की नाराजगी**

## देवेंद्र फडणवीस ने कतर दिए अजित पवार के पर!

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में महायुति की सरकर के भीतर का रार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार बनने से पहले सीएम की कुर्सी को लेकर लंबी खींचतान चली. फिर विभागों के बंटवारे को लेकर एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच जमकर सौदेबाजी हुई. फिर सरकार में दो-दो उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे और अजित पवार के होने कारण दोनों किसकी हैसियत अधिक है, इसको लेकर खींचतान चलती रही है. इस कारण एकनाथ शिंदे ने कई बार सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी जताई. लेकिन, अब ऐसा लग रहा है कि सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सरकार के भीतर हैरारकी तय कर दी है. दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने एक नया आदेश जारी किया है. अब राज्य की सभी फाइलें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तक पहुंचने से पहले उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास से होकर गुजरेंगी. पहले ये फाइलें उपमुख्यमंत्री अजित पवार के पास वित्त मंत्री के तौर पर जाती थीं, फिर मुख्यमंत्री को भेजी जाती थीं. नए नियम के मुताबिक, अब फाइलें पहले अजित पवार के पास जाएंगी, फिर शिंदे के पास, और उसके बाद ही मुख्यमंत्री के पास मंजूरी के लिए पहुंचेंगी.



### शिंदे के लिए बड़ी जीत

सरकार के इस कदम को शिंदे के लिए बड़ी जीत माना जा रहा है और इससे वे राज्य प्रशासन में अहम भूमिका निभाएंगे. राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह शिंदे और अजित पवार के बीच बराबरी लाने की कोशिश है. टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछली महायुति सरकार में फाइलें पहले अजित पवार (उपमुख्यमंत्री) और फिर देवेंद्र फडणवीस (उपमुख्यमंत्री) के पास जाती थीं, उसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिंदे तक पहुंचती थीं. लेकिन अब व्यवस्था बदल गई है.

## संपादकीय

### सरकार की बुलडोजर नीति पर सर्वोच्च न्यायालय का सख्त रुख

अपराध पर नकेल कसने के लिए कथित अपराधियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने की परिपाटी-सी चल पड़ी है। यह सिलसिला उत्तर प्रदेश में शुरू हुआ था और अब इसे कई राज्य सरकारों ने अपना लिया है। कहीं भी दो समुदायों के बीच कोई फसाद होता है, कोई बड़ी वारदात होती है, तो प्रशासन कुछ लोगों को चिह्नित कर उनके घर गिरा डालता है। जब यह सिलसिला अतार्किक और मनमाने ढंग से तेजी पकड़ने लगा तो इस पर रोक लगाने के लिए अदालतों के दरवाजे खटखटाए जाने लगे। इस पर करीब पांच महीने पहले सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त निर्देश जारी करते हुए मकानों-दुकानों आदि के ध्वस्तीकरण पर रोक लगा दी। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि किसी के आरोपी या दोषी ठहरा दिए जाने से उसका मकान ढहा देने का अधिकार नहीं मिल जाता। प्रशासन को उचित कारण बताना होगा कि कोई भी मकान गिराना क्यों जरूरी है। इसके लिए दूसरे पक्ष की दलीलें भी सुनी जानी चाहिए। उसे अपना जवाब देने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए। अगर कोई अधिकारी इन निर्देशों का पालन नहीं करेगा, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मगर इसके बावजूद, मकान-दुकान आदि ढहाने का सिलसिला रुका नहीं है। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में ऐसी ही मनमानी करते हुए कुछ मकान ढहा दिए गए। अब सर्वोच्च न्यायालय ने करीब चार वर्ष पहले प्रयागराज में तोड़े गए मकानों पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए कहा है कि पीड़ितों को दस-दस लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। अदालत ने कहा कि इस मामले ने उसकी अंतरात्मा को झकझोर दिया है। दरअसल, प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कुछ लोगों के मकान इस शक के आधार पर तोड़ डाले थे कि वे एक कुख्यात अपराधी की जमीन पर बने हुए हैं। उन मकानों में रहने वालों को एक दिन पहले नोटिस थमाया गया और अगले दिन मकान तोड़ दिए गए। अदालत ने सवाल किया कि आखिर इस देश में लोगों को आश्रय का अधिकार है या नहीं। जब भी इस तरह मकान-दुकान आदि गिराने के मामले सामने आते हैं, तो सरकारों की दलील होती है कि वे अवैध रूप से बनाए गए थे। मगर यह समझ से परे है कि अवैध रूप से बनाए गए मकानों पर तभी विकास प्राधिकरणों और नगर निगम की निगाह क्यों जाती है, जब कोई आपराधिक घटना घट जाती है। इसके पहले ऐसी जगहों की निशानदेही क्यों नहीं हो पाती। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अपराध पर नकेल कसना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। मगर इसके लिए तय प्रक्रिया को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अपराध करने वाले का अपराध तब तक सिद्ध नहीं माना जा सकता, जब तक कि अदालत ऐसा फैसला न सुना दे। कोई भी सरकार खुद किसी को अपराधी सिद्ध करके उसके घर पर बुलडोजर नहीं चढ़ा सकती। उस मकान में उसके परिजन भी रहते हैं, जो निर्दोष होते हैं। आखिर किसी के अपराध की सजा दूसरे लोगों को बेघर करके क्यों दी जानी चाहिए। अवैध रूप से या कब्जा करके बनाए गए मकानों को ध्वस्त करने के भी नियम-कायदे हैं, इसीलिए इस तरह की मनमानी कार्रवाइयों को सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक और अमानवीय करार दिया है। विचित्र है कि जिन मामलों को सरकारों को अपने विवेक से, लोगों के मानवाधिकारों का ध्यान रखते हुए सुलझाना चाहिए, उनमें वे खुद कठघरे में खड़ी हो रही हैं।

## डिसिप्लिन

### कहानी



प्रिंसिपल मैडम अपने स्कूल का डिसिप्लिन देखने के लिए स्कूल मे राउंड पर निकली है। आज उन्हें सारी कक्षाओं का सर्वे करना था। आठवीं कक्षा की क्लास टीचर आज बीमार थी अतः वे नहीं आ पाई थी लेकिन उन्होंने लीव की एप्लिकेशन याद से प्रिंसिपल मैडम तक भिजवा दी थी।

राउंड पर जाते-जाते प्रिंसिपल मैडम सोच रही थी कि आज आठवीं क्लास के बच्चे जरूर खूब शोर कर रहे होंगे ,क्योंकि उनकी क्लास टीचर जो नहीं आई थी। इस कारण पास की दूसरी क्लासेस को जरूर डिस्टरबेंस हो रहा होगा। एक गहरी सांस छोड़ते हुए वे धीरे - धीरे सभी क्लासेस का इंस्पेक्शन करने लगी। उन्होंने राहत की सांस ली की

चलो सभी क्लासेस सुचारू रूप से चल रही थी। खुश होते हुए वे आगे बढ़ी, आठवीं क्लास के पास आई और उन्होंने खिड़की में से जो नज़ारा देखा तो वे आश्चर्य चकित रह गई, क्योंकि क्लास में सारे बच्चे शांति बनाए बैठे थे और उस क्लास का मॉनिटर प्रवीण टीचर की टेबल के पास खड़े होकर

बच्चों से एक-एक करके सवाल का उत्तर पूछ रहा था और साथ ही बच्चों को शोर न करने की हिदायते भी देता जा रहा था।

यह देखकर प्रिंसिपल मैडम एकदम खुश हो गई।

फिर वे क्लास में गई। क्लास में जाते ही सारे बच्चों ने खड़े होकर मैडम को नमस्ते कहा।

अब तो प्रिंसिपल मैडम एकदम खुश हो गई व बच्चों को बैठने के लिए बोलकर स्वयं भी चेयर पर बठ गई। अब उन्होंने बच्चों का अभिवादन स्वीकार कर उन्हें संबोधित करते हुए बोला

बच्चों आज मैं बहुत खुश हूं, क्योंकि मैं देख रही हूं कि तुम्हारी क्लास टीचर नहीं आई है..... फिर भी तुम इतनी शांति से बैठकर पढ़ाई कर रहे हो।

मुझे बहुत अच्छा लगा, प्रवीण को मॉनिटरिंग करते हुए देखकर तुम सब बच्चे बिना अपने टीचर के कितने डिसिप्लिन में हो। देखकर मैं आज बहुत खुश हूं और तुम सबको वार्षिक उत्सव पर एक तोहफा देना चाहूंगी तुम्हारी क्लास टीचर को, तुम्हारे मॉनिटर को और तुम सब बच्चों को। तुम लोगों ने बढ़िया तरीके से स्कूल का डिसिप्लिन मेंटेन किया।

तुम सब बहुत प्यारेऔर अच्छे बच्चे हो हमेशा खुश रहो और ऐसा कहकर वे खुशी - खुशी आठवीं कक्षा के क्लासरूम से बाहर गई।

**स्वरचित, संध्या राणे।**

# विष भरे शब्द और कुरुक्षेत्र



अठारह दिन के युद्ध ने द्रौपदी को शारीरिक और मानसिक रूप से अस्सी वर्ष की वृद्धा बना दिया था। नगर में चारों ओर विधवाओं का बोलबाला था। इक्का-दुक्का पुरुष ही दिखाई देते थे। अनाथ बच्चे इधर-उधर घूमते दिखाई देते थे।

महारानी द्रौपदी हस्तिनापुर के महल में निश्चल बैठी शून्य को निहार रही थीं। सोच रही थी कि उप पांडव सारे मारे गए। पिता द्रुपद, भाई दुष्ट्द्युम्न भी। भीम का पुत्र घटोत्कच, पितामह भीष्म भी मृत्यु को प्राप्त हो गए। एक नवजात शिशु परीक्षित के अलावा पंच पांडव और वही बचे हैं। अतीत के दृश्यों ने द्रौपदी की आंखों में आंसू ला दिए। आहट हुई तो आँखें पोंछ कर वह मुड़ी।

श्री कृष्ण ने कमरे में प्रवेश किया। जैसे ही द्रौपदी ने कृष्ण को देखा, वह दौड़कर उनके गले लग गई। कृष्ण उनके सिर को सहलाते रहे और उन्हें रोने देते रहे। थोड़ी देर बाद उन्होंने उन्हें खुद से अलग किया और पास के पलंग पर बैठ गए।

द्रौपदी- क्या हुआ, मेरे सखा? मैंने ऐसा तो कभी नहीं सोचा था।

कृष्ण- भाग्य बहुत क्रूर है पांचाली। यह वैसा नहीं चलता जैसा हम सोचते हैं। यह हमारे कर्मों को परिणाम में बदल देता है। तुम बदला लेना चाहती थीं और तुमने द्रौपदी को हरा दिया। यज्ञसेनी! तुम्हारी जीत हुई। पांडव राज्य स्थापित होगा। तुम्हें तो खुश होना चाहिए।

द्रौपदी इतनी सारी लाशों पर से कोई विजय चलके आए, जो खुशी न दे तो क्या हम उसे सफलता कहेंगे? विजय कहेंगे श्याम?

कृष्ण तुम्हारा बदला पूरा हो गया। दुर्योधन और दुशासन ही नहीं, बल्कि सभी कौरव खत्म हो गए। तुम्हें खुश होना चाहिए। तुम अब हस्तिनापुर की महारानी जो हो।



द्रौपदी- सखा, तुम मेरे घावों पर मरहम लगाने आए हो या उन पर नमक छिड़कने? तुमसे मुझे सहानुभूति की आशा थी और तुम घाव कुरेदने पर लगे हो।

कृष्ण- नहीं द्रौपदी, मैं तुम्हें वास्तविकता से परिचित कराने आया हूँ। हम अपने कर्मों का परिणाम दूर तक नहीं देख सकते और जब वह हमारे सामने होता है, तो हमारे हाथ में कुछ नहीं रहता।

द्रौपदी- तो क्या इस युद्ध के लिए मैं पूरी तरह से उत्तरदायी हूँ, श्री कृष्ण? कृष्ण- नहीं द्रौपदी! तुम अपने आप को इतना महत्वपूर्ण मत समझो। तुम तो कई कारणों में से एक कारण हो। लेकिन अगर तुम अपने कर्मों में थोड़ी दूरदर्शिता रखती, तो तुम्हें कभी इतना कष्ट नहीं होता।

द्रौपदी: मैं क्या कर सकती थी कृष्ण? कृष्ण- तुम बहुत कुछ कर सकती थी। जब तुम्हारा स्वयंवर हुआ, अगर तुमने कर्ण का अपमान न किया होता और उसे प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया होता, तो शायद परिणाम कुछ और होते। इसके बाद जब कुंती ने तुम्हें पाँच पतियों की पत्नी बनने का आदेश दिया, तब भी अगर तुमने उसे स्वीकार न किया होता, तो परिणाम कुछ और होते और उसके बाद तुमने अपने महल में दुर्योधन का यह कहकर अपमान किया कि अंधे के बेटे अंधे ही होते हैं। अगर तुमने ऐसा न कहा होता तो तुम्हारे कपड़े न उतारे जाते। तब भी शायद परिस्थितियाँ कुछ और होतीं।

द्रौपदी! हमारे शब्द भी हमारे कर्म ही हैं। हमें हर शब्द को बोलने से पहले तौलना चाहिए। अन्यथा उसके दुष्परिणाम न केवल हमें बल्कि हमारे पूरे परिवेश को दुखी करते रहते हैं।

मनुष्य ही संसार का एकमात्र ऐसा प्राणी है जिसका विष उसके दाँतों में नहीं बल्कि उसके शब्दों में है। इसलिए शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। ऐसे शब्दों का प्रयोग करें जिससे किसी की भावनाएँ आहत न हों क्योंकि महाभारत हमारे भीतर छिपा हुआ है।

**डॉ टी महादेव राव**
**विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)**

# सफलता का सुझाव

एक आठ साल का लड़का गर्मी की छुट्टियों में अपने दादाजी के पास गाँव घूमने आया। एक दिन वो बड़ा खुश था,उछलते-कूदते वो दादाजी के पास पहुँचा और बड़े गर्व से बोला,जब मैं बड़ा होऊँगा, तब मैं बहुत सफल आदमी बनूँगा। क्या आप मुझे सफल होने के कुछ सुझाव दे सकते हैं ? दादाजी ने हाँ में सिर हिला दिया और बिना कुछ कहे लड़के का हाथ पकड़ा और उसे करीब की पौधशाला में ले गए। वहाँ से दादाजी ने दो छोटे-छोटे पौधे खरीदे और घर वापस आ गए वापस लौट कर उन्होंने एक पौधा घर के बाहर लगा दिया और एक पौधा गमले में लगा कर घर के अन्दर रख दिया। क्या लगता है तुम्हे,इन दोनों पौधों में से भविष्य में कौन सा पौधा अधिक सफल होगा ? दादाजी ने लड़के से पूछा, लड़का कुछ क्षणों तक सोचता रहा और फिर बोला, घर के अन्दर वाला पौधा ज्यादा सफल होगा क्योंकि वो हर एक खतरे से सुरक्षित है जबकि बाहर वाले पौधे को तेज धूप,आँधी-पानी, और जानवरों से भी खतरा है।दादाजी बोले,चलो देखते हैं आगे क्या होता है ? कुछ दिनों बाद छुट्टियाँ समाप्त हो गयीं और वो लड़का वापस शहर चला गया। इस बीच दादाजी दोनों पौधों पर बराबर ध्यान देते रहे। समय व्यतीत होता गया। 4-5 साल बाद एक बार फिर वह लड़का अपने माता-पिता के साथ पुनः गाँव घूमने आया और अपने दादाजी को देखते ही बोला,दादाजी,पिछली बार मैंने आपसे सफल होने के कुछ सुझाव माँगे थे पर आपने तो कुछ बताया ही नहीं था। परन्तु इस बार आपको अवश्य कुछ बताना होगा। दादाजी मुस्कुराये और लडके को उस जगह ले गए जहाँ उन्होंने गमले में पौधा लगाया था। अब वह पौधा एक खूबसूरत पेड़ में बदल चुका था। लड़का बोला,देखा दादाजी, मैंने कहा था ना कि ये वाला पौधा ज्यादा सफल होगा। अरे,पहले बाहर वाले पौधे का हाल भी तो देख लो।ऐसा कहते हुए दादाजी लड़के को बाहर ले गए बाहर एक विशाल वृक्ष गर्व से खड़ा था। उसकी शाखाएं दूर तक फैली थीं। उसकी छाँव में खड़े राहगीर आराम से बातें कर रहे थे। अब बताओ, कौन सा पौधा ज्यादा सफल हुआ ? दादाजी ने पूछा। बाहर वाला,दादाजी। लेकिन ये कैसे संभव है, बाहर तो उसे ना जाने कितने खतरों का सामना करना पड़ा होगा,फिर भी ! लड़का आश्चर्य से बोला।





दादाजी मुस्कुराए और बोले,हाँ, लेकिन कठिनाईयों का सामना करने के अपने पुरस्कार भी तो हैं। बाहर वाले पेड़ के पास आजादी थी कि वो अपनी जड़े जितनी चाहे उतनी फैला ले,आपनी शाखाओं से आसमान को छू ले। बेटे, इस बात को याद रखो और तुम जो भी करोगे उसमे सफल होगे। यदि तुम जीवन भर सुरक्षित रास्ता पसंद करते हो तो तुम कभी भी उतनी उन्नति नहीं कर पाओगे जितनी तुम्हारी क्षमता है,लेकिन यदि तुम इन कठिनाईयों के बावजूद इस दुनिया का सामना करने के लिए तैयार रहते हो तो तुम्हारे लिए कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना असम्भव नहीं है। लड़के ने लंबी सांस ली और उस विशाल वृक्ष की तरफ देखने लगा। वो दादा जी की बात समझ चुका था, आज उसे सफलता का एक बहुत बड़ा सबक मिल चुका था।

# सुखद एहसास

आवाज बंद नही हो रही,लगता है मामला कुछ ज्यादा ही गर्म दिख रहा है । दरवाजे के बाहर रमेश जी बिती बातों को सोच ही रहे थे, तभी चाचा चाचा की आवाज सुनाई दिया। रमेश जी के मुड़ते ही नजर के सामने दूध वाला दिख गया। रमेश जी परेशान, सवाल है की दूध का बरतन अन्दर से कैसे लाया जाय। रुको, आते हैं , कह कर रमेश जी घर के अन्दर गये तो उनके पांव ठिठक गये। बेटा- बहु के बीच वाक युद्ध जोरों का हो रहा था जो रमेश जी को देखते ही ब्रेक लग गया । रेणु दूध वाला , रमेश जी ने याद दिलाई। रेणु रमेश जी की इकलौती बहु है जो किसी मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत है। पापा दूध ले लीजिए बरतन मेच पर है जरा कुछ बातें इनको याद दिला दें । जब दूध लेकर रमेश जी आये तो बहु किचेन में चाय बना रही थी ।

रेणु बेटा , मामला सलट गया क्या ? नहीं पापा , ये अपने जिद पर अड़े हुए हैं। ओह! कोई बात नहीं रमेश जी ने लम्बी सांस ली । पापा चाय कहते हुए रेणु ने चाय की गिलास रमेश जी के हाथ में पकड़ाई। हाथ कांपने के कारण चाय गिलास में ही पिते थे । रमेश जी चाय की चुस्की के साथ बीते समय के आगोश में विचरण करने लगे।

रमेश जी को दो दिन पहले बहु ही गांव से लेकर आयी थी, लगा जीवन के अंत समय शायद कुछ खुशियां बटोरने का सौभाग्य प्राप्त हुआ पर नही ,बेटा आज भी पुरानी बातों के भ्रम जाल से बाहर नही आ पाया। आज भी जीवन का वो खटास कम नहीं हो पाया। रमेश जी के मना करने के बाद भी बेटे ने अलग रहने का फैसला लिया था क्योंकि बार बार पुछना या अपने किसी काम में पापा का रूकावट पैदा करना पसंद नही था। रेणु के लाख मना करने पर भी आकाश ने अलग शहर में ही बड़ा सा बंगला ले रखा था





एक पोता भी चार साल का हो गया पर रमेश जी ने कभी बेटे-बहु के घर नहीं आये। हां उनकी पत्नि का हमेशा आना जाना लगा रहा पर आज वह नहीं रही । अकेलेपन भी एक सजा है ,रमेश जी अपने बेटे को अच्छी तरह जानते थे की वह कभी भी हमें माफ नहीं करेगा पर बहु की जिद के आगे वह यहां आ गये। रमेश जी की आंखें भर आई। कार की आवाज ने रमेश जी का ध्यान भंग किया , सोनु

कार से उतरते ही दादा जी से लिपट गया , संसार का सबसे अनमोल खुशियों भरा अदभुत दृश्य जिसके इन्तजार में रमेश जी चार वर्षों से प्रार्थना करते रहे आज पुरा हुआ, जो बहुत ही भाग्यवान होते उसे ही पोते-पोती का प्यार मिल पाता है।

रमेश जी इस सुखद एहसास को संभाल नहीं पाये, अचानक सासें तेज हो गयी , पसीने से नहा गये । रेणु दौड़ कर पानी लेकर आई। पापा पापा जोर से चिल्लाई ,सोनु के अलग हटते ही रमेश जी गिर पड़े । सोनु, हल्की आवाज में रमेश जी ने पुकारा, सारा प्यार सोनु को देकर विदा ले लिए।

सच, कुछ भी हो पर संतान मोह का टुटना आदमी को खोखला कर देता है जो हवा की हल्की प्रवाह भी धाराशाई कर देती है। बेटे-बहु के आंखों में पश्चाताप के आंसु थे।

**उ शिवनन्दन सिंह**
**शम्भूगंज बांका**
**बिहार**

# जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी

ये क्या पोथी पुराण ले कर बैठे रहते हो जी। जब देखो पोस्ट करना फिर थोड़ी देर बाद फेसबुक में लाइक कमेंट्स देखना। क्या मिलता है समझ नहीं आता? आज अनुराधा सुबह-सुबह अपने पति मनोरम से तीखी आवाज़ में बोली। मनोरम ने पूछा- तुम्हें क्या हो गया है अनु? आज पारा सूरज की तरह गर्म क्यों लग रहा है?

तभी अनुराधा बोली- हमारे कॉलोनी के सभी लोग बोलते हैं मुझे; तुम्हारे पतिदेव दिन भर पोस्ट करते रहते हैं और मोबाइल में घुसे रहते हैं। न जाने मेरे पीठ पीछे कितना रायता फैला रहे होंगे; पता चले तो समेटना मुश्किल हो जाएगा। अच्छा! तो तुम ये क्यों नहीं बोलती कि वे एक साहित्यकार हैं, कविता-कहानियाँ लिखते हैं। मनोरम अनुराधा को बड़े ही सहजता से बोला। अच्छा! अपने आप को बहुत बड़े साहित्यकार मानते हैं; ये भी कोई शौक़ है भला! मुँह बनाती हुई अनुराधा बोली। बिल्कुल! क्यों नहीं। विश्व में ऐसी कोई भी जगह नहीं छूटी है जहाँ मेरी कविताएँ न छपी हो; समझी! मनोरम ने बहुत ही प्रसन्न चित्त हो कर बताया। अच्छा! बताओ तुम बहादुर सिंह को जानती हो? मनोरम ने पूछा। कौन बहादुर सिंह? मैं किसी बहादुर-वहादुर सिंह को नहीं जानती। मेरे रिश्तेदार थोड़ी न है; जिनको जानने का ठेका ले रखी हूँ। अनुराधा अपनी भौहें ऊँची करती हुई बोली। अरे! ये क्या हमारे कॉलोनी के बाहर छोटी वाली गली में रहता है। मनोरम आश्चर्य से बोला। रहता होगा मुझे क्या; आप क्यों पूछ रहे हैं बहादुर सिंह के बारे में? अनुराधा बोली। फिर तुम पंडित सुंदरलाल शर्मा जी, महादेवी वर्मा जी और दिनकर जी को क्यों और कैसे जानती हो; क्या वे तुम्हारे रिश्तेदार थे या पड़ोसी? ये कैसा सवाल है जी? अनुराधा झल्लाती हुई बोली। वे तो महान आत्मा थे जिन्होंने हमारे देश के लिए कितना कुछ नहीं किया है, इसके अलावा बहुत ही नामी साहित्यकार भी थे। उन्हीं की कविताएँ और कहानियाँ पढ़ कर हम बड़े हुए हैं और आप जो कहानियाँ पोस्ट करके लाइक कमेंट्स चेक करते हो न; इन्हीं की पुस्तकें पढ़ कर प्रेरणा मिली होगी आपको। समझे! पतिदेव। मनोरम मुस्कुराते हुए बोला शायद दिमाग की बत्ती जल गई। हाँ! ठीक ऐसे ही बहादुर जैसे कितने ही मनुष्य इस धरती पर आवागमन करते हैं। अगर ईश्वर ने हमको प्रतिभा दी है तो उसको बाहर लाना ही हमारा कर्तव्य है और शायद मैं मानता हूँ कि ईश्वर के द्वारा प्राप्त तोहफ़े को प्रदर्शित करना ईश्वर का सम्मान करना है। खाना-पीना, घूमना, पैसा कमाना ये तो हर मनुष्य का उद्देश्य है और ज़िम्मेदारी भी। जानवर भले ही पैसे न कमाते हों; लेकिन सुबह-शाम खाने का बंदोबस्त तो करते ही हैं न! और एक दिन ऐसा आता है कि इस देह का अंत हो जाता है। हम में और जानवरों में क्या अंतर है बताओ ज़रा! मनोरम की बातें कुछ अनुराधा के सर के ऊपर से जा रही थी कुछ साँस के साथ अंदर। दुनिया में सिर्फ पैसा कमाना ही एक मात्र उद्देश्य नहीं होता है अनु। तुम अभी बता रही थी कि पड़ोसी बहादुर को नहीं जानती हो अगर वो कुछ अच्छा काम करता तो तुम नहीं जानती क्या? हम्म! अनु धीमे स्वर में बोली। मैं एक शासकीय पद में हूँ। साठ साल बाद रिटायर्ड हो जाऊँगा उसके बाद बस इधर-उधर घूमना फिर अंतिम साँस लेना। उसके बाद कॉलोनी वाले और मेरे कुछ साथीगण आ कर कुछ मिनटों तक शोक प्रदर्शित कर तुम्हें सांत्वना देंगे। तुम नहीं जान पाओगी कि ये घड़ियाली आँसू हैं या शत प्रतिशत उनके अपने आँसू हैं। कौन जानता है भला?





प्रतिभा ऐसी होती है जिससे कभी रिटायर्ड नहीं होते हैं। ये जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी रहती है। अनुराधा आज मनोरम की किताब को अपने दोनों आँखों से लगाते हुए अपने आप को बहुत ही सौभाग्यशाली समझ रही थी।

**प्रिया देवांगन प्रियू**
**राजिम**
**जिला - गरियाबंद**
**छत्तीसगढ़**

## देपालपुर के शासकीय कन्या विद्यालय में हुआ भव्य स्वागत



देपालपुर। शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नए विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देपालपुर में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशी छात्राओं का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया और निशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य दीपक जायसवाल और समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन-पाठ से हुई। इसके बाद नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुष्पमालाएं पहनाकर विद्यालय परिवार में उनका स्वागत किया गया। पूरे विद्यालय परिसर को इस विशेष अवसर पर सजाया गया था, जिससे माहौल और भी उत्साहजनक हो गया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति के जीवन को संवार सकता है और उसे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

## उत्साह के साथ दी गणगौर - ईशर को विदाई



इंदौर। गोल्डन पाम कॉलोनी, निरंजनपुर में गोल्डन पाम गणगौर उत्सव समिति द्वारा बड़े धूमधाम से गणगौर पर्व का आयोजन किया गया। रहवासी ज्योति अग्रवाल ने बताया कि सुबह से शाम तक पूजन हुआ। उसके बाद बड़े उत्साह के साथ गणगौर बाना निकाला गया।

गणगौर बाना डायमंड स्क्वायर से निकलकर पीपलेश्वर महादेव गया और वहाँ से विश्वेश्वर मंदिर पहुँचा। इसके बाद गणगौर - ईशर को विदाई दी गई। गणगौर के प्रतिरूप में स्नेहा सिंह व ईशर के प्रतिरूप को निर्मला तापड़िया ने धारण किया। आयोजन में कल्पना शर्मा, नेहा अग्रवाल, सुनीता तापड़िया, आकृति श्रीवास्तव, सरोज सिंह, शैलजा काशिव सहित अन्य महिलाएं शामिल हुई।

## सिका बालवाटिका मे वेलकम पार्टी का आयोजन



इंदौर। हमारे नन्हे-मुन्ने बच्चों को सहज महसूस कराने और उन्हें अपने स्कूल के प्रति लगाव पैदा करने में मदद करने के लिए, सिका स्कूल, स्किम नंबर 78 के बालवाटिका में एक मजेदार स्वागत पार्टी का आयोजन किया गया।

शिक्षकों ने कक्षाओं को सजाया और उन्हें विशेष और रोमांचित महसूस कराया। शिक्षकों ने मजेदार गतिविधियों, गीतों और कविताओं के साथ बच्चों का स्वागत किया। बच्चों ने मास्क पार्टी का आनंद लिया और जोशीले डांस नंबरों पर नृत्य किया।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक सिका 78, डॉ जी. एस पटेल एवं प्राइमरी विंग की हेडमिस्ट्रेस गिरिजा कुमार भी उपस्थित रही। प्री प्राइमरी विंग की हेडमिस्ट्रेस स्वाति जैन ने बच्चों को उनकी नई शुरुआत के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## कार्टून कोना..........




# इंदौर नगर निगम के बजट पर चर्चा शुरू

## विपक्ष बोला कांग्रेस ने कराया भारत का विभाजन, भाजपा बोली- माफी मांगें

इन्दौर (नप्र)। गुरुवार को पेश किए गए इंदौर के 8238 करोड़ के बजट पर नगर निगम के अटल बिहारी सदन में चर्चा शुरू हो गई है। इसमें महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, एमआईसी सदस्यों सहित सभी पार्षद मौजूद हैं।





नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौक से ने कहा कि नगर निगम को 1997 में कांग्रेस ने सशक्त बनाया। देश का विभाजन कांग्रेस ने किया। नेता प्रतिपक्ष के ये कहते ही भाजपा ने हंगामा शुरू कर दिया। कुछ पार्षद सभापति के नजदीक तक चले गए। महापौर ने कहा कि सदन में व्हॉट्सएप की भाषा का इस्तेमाल न किया जाए।

### बजट पेश करने के पहले ही हुआ था हंगामा

गुरुवार को महापौर द्वारा बजट पेश किया जा रहा था। उसके पहले ही विपक्ष ने हंगामा खड़ा कर दिया था। नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार पर निगम ने पक्ष को घेरने का प्रयास किया था। ये हंगामा कुछ देर चला था, जिसके बाद मामला शांत हो गया था। इधर, महापौर ने विपक्ष द्वारा उठाए सवालों के जवाब भी बजट में दिए थे। इंदौर नगर निगम का 8 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट गुरुवार को नगर निगम के अटल बिहारी वाजपेयी परिषद सभागृह में पेश किया गया। इस साल नया टैक्स का प्रावधान नहीं किया गया। नगर निगम का नया पोर्टल अब 1 अप्रैल की जगह 15 अप्रैल से शुरू होगा। इंदौर में स्वामी विवेकानंद की 39 फीट ऊंची प्रतिमा लगेगी। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। 12 जनवरी 2026 को इसका लोकार्पण होगा। हर घर को डिजिटल पता देने की घोषणा भी की गई। इसके लिए अप्रैल से ही पायलट प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो जाएगा। बजट भाषण से पहले हुआ हंगामा

### महापौर बोले- व्हॉट्सएप के डायलॉग मत

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नेता प्रतिपक्ष को बीच में रोकते हुए कहा कि व्हॉट्सएप वाली भाषा मत बोलिए। इससे आपको ही नुकसान होगा। नगर निगम की कार्यप्रणाली से जुड़े सवाल उठाइये, हम जवाब देंगे। व्हॉट्सएप के डायलॉग बोलेंगे तो काम नहीं चलेगा। अगर हमने कोई काम नहीं किया और कांग्रेस ने किया है तो उसे बताइये।

### भाजपा की मांग, चौकसे माफी मांगे

बजट पर चर्चा के दौरान जैसे ही नेता प्रतिपक्ष ने भारत-पाक विभाजन की बात कही, भाजपा के पार्षद सभापति के नजदीक पहुंच गए। वे माफी की मांग पर अड़ गए। हालांकि सभापति की दखल के बाद कार्रवाई फिर शुरू की गई।

## भीम जन्मभूमि को 100 एकड़ जमीन दिलाने सौंपा ज्ञापन

इंदौर। भारतीय संविधान के निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जन्मभूमि अंबेडकर नगर महू में अंबेडकर स्मारक पर सिर्फ 4000 स्क्वायर फीट जमीन है जो कि अन्य महापुरुषों के जन्म स्थान की तुलना में बहुत ही नगण्य है इसलिए बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की जन्मस्थली को 100 एकड़ जमीन देकर सरकार को उनका सम्मान करना चाहिए।



इसीलिए भीम जन्मभूमि को 100 एकड़ जमीन दिलवाले, सभी शासकीय और प्राइवेट संस्थानों में बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की तस्वीर लगाने एवं गीता भवन चौराहा इंदौर जहां पर बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा लगी हुई है उस चौराहे का नाम परिवर्तित कर डॉ भीमराव अंबेडकर चौराहा रखा जाए साथ ही डॉ आंबेडकर जी की जयंती एवं पुण्यतिथि पर इंदौर सहित मध्य प्रदेश में मांस मटन और शराब की दुकान बंद हो और जिस तरीके से महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर को तमाम शासकीय संस्थान एवं औद्योगिक क्षेत्र में अवकाश होता है ठीक उसी प्रकार बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को प्रत्येक वर्ष शासकीय अवकाश घोषित किया जाए, इस अवसर पर, डमरू पहलवान, मोहन राठौर समतासेना प्रभारी मध्य प्रदेश, दादू मालवीय बलाई महासभा जिला अध्यक्ष, माखन गवली, मिश्रीलाल पहलवान, राजेश दसोरिया, तरुण सोलंकी, गजराज, चिंटू साथी थे।

## जल संवाद कर किया श्रमदान



इंदौर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, द्वारा तहसील स्तरीय चयनित आदर्श ग्राम सेक्टर बुराना खेड़ी मैं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम जलोद केऊ विकासखंड इंदौर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत समिति सदस्यों एवं ग्रामीणों के साथ गत रात्रि में जल संवाद किया गया। जिसमें जल स्त्रोतों का पूजन एवं रख-रखाव हेतु श्रमदान कर पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने हेतु चर्चा की,जल संरक्षण हेतु दीवार लेखन के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करना एवं जल के अपव्यय को रोकने हेतु समाज को प्रेरित करना।

इसी कड़ी में आज प्रातः ग्राम जलौद केऊ छोटे तालाब मैं गहरीकरण हेतु श्रमदान किया तथा जल को सहेजने एवं उसके संरक्षण हेतु शपथ दिलवाई गई। जल संवाद एवं श्रमदान में मुख्य रूप से जिला समन्वयक श्रीमती ऋजुजा पहाड़े, विकासखंड समन्वयक प्रवेश शर्मा समिति के अध्यक्ष श्री राजेश जी तंवर एवं सचिव श्री हरिराम जी गोड़, घनश्याम जी चंदेल, सुनेर सिंह जी तंवर मोती सिंह जी तंवर,घनश्याम जी डाबी एवं अन्य समिति सदस्य एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए ।

## दो आरोपियों को किया गया जिलाबदर

इंदौर। इंदौर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त दो आरोपियों को जिलाबदर किया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार जिन आरोपियों को जिलाबदर किया गया है उनमें सांवेर थाना क्षेत्र के बड़ोदिया खान निवासी महेश उर्फ एनडी पिता प्रेमसिंह राजपूत तथा देपालपुर थाना क्षेत्र के आगरा निवासी बाबूलाल पिता जबरचंद शामिल है। इन्हें छ-छः माह के लिये जिलाबदर किया गया है। उक्त सभी अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनेक प्रकरण दर्ज है। उक्त दोनो आरोपी इंदौर जिले सहित इससे लगे हुए सीमावर्ती जिलों उज्जैन, देवास, धार, खरगोन एवं खंड़वा जिले की राजस्व

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सत्कार कला केंद्र का आयोजन

इंदौर। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सत्कार कला केंद्र आगामी 7 अप्रैल को स्वास्थ्य सेवा प्रतिष्ठा अवार्ड समारोह - 2025 का आयोजन करने जा रहा है। इस मौके पर 21 पैरा - मेडिकल प्रेरकों को सम्मानित किया जायेगा।

यह जानकारी देते हुए सत्कार कला केंद्र के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्ली वाल एवं महासचिव कैलाश मुंशी ने बताया कि यह आयोजन सोमवार शाम को 6 बजे आर एन टी मार्ग स्थित श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति सभागृह में होगा। संस्था के उपाध्यक्ष विजय पारेख एवं संगठन मंत्री पुरुषोत्तम वाघमारे ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल श्री बी एस सिसोदिया होंगे। अध्यक्षता करेगी विश्व विख्यात महिला हृदय रोग विशेषज्ञ एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सरिता राव। गौरतलब है कि संस्था ने स्थापना के बीते 54 वर्षों में हजारों लोगों को सम्मानित किया है।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए जिले में 35 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीयन

इंदौर। इंदौर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए अभी तक 35 हजार से किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में पंजीयन से शेष रहे किसानों के लिए एक और अवसर राज्य शासन द्वारा दिया गया है। ऐसे किसान जिन्होंने अपना पंजीयन नहीं कराया है, वे 9 अप्रैल तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। पूर्व में पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च थी। कलेक्टर आशीष सिंह ने जिले की सभी समितियों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे पंजीयन तिथि वृद्धि की सूचना



सभी किसानों तक पहुँचायें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि पंजीयन केंद्र के समिति प्रबंधक, ऑपरेटर तथा उपार्जन से संबंधित अमले को पाबंद करें कि कोई भी इच्छुक किसान पंजीयन से शेष न रहे, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार स्थानीय स्तर पर किया जाये। पंजीयन से शेष रहे किसानों को फोन करके सूचित कर पंजीयन की तिथि 9 अप्रैल तक बढ़ाई गई है कि सूचना देकर पंजीयन करना सुनिश्चित करें। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए किसानों का पंजीयन होना अनिवार्य है।

## रतलाम मंडल से होकर तीन जोड़ी ग्रीष्मरकालीन स्पेसशल ट्रेनों का परिचालन

इंदौर। ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त, भीड़ को समायोजित करने के लिए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से होकर तीन जोड़ी स्पैशल ट्रेनों का विभिन्नट्ठ स्टेंशिनों से परिचालन किया जाएगा।

ट्रेन संख्या 02200/02199 बांद्रा टर्मिनस-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल- ट्रेन संख्या 02200 बांद्रा टर्मिनस-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्पेशल प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से 05.10 बजे चलकर रतलाम मंडल के दाहोद (12.43/12.45, शनिवार), रतलाम (14.30/14.40), नागदा (15.43/15.45), उज्जैन (16.55/17.10), एवं मक्सी (18.00/18.02) होते हुए अगले दिन 05.00 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। यह ट्रेन बान्द्रा टर्मिनस से 05 अप्रैल से 28 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से 16-50 बजे चलकर रतलाम मंडल के मक्सी (03.05/03.07 शुक्रवार), उज्जैन (03.50/04.00 शुक्रवार), नागदा (05.08/05.10 शुक्रवार), रतलाम (06.05/06.15 शुक्रवार) एवं दाहोद (07.39/07.41 शुक्रवार) होते हुए अगले दिन 16.10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 अप्रैल से 26 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच,



वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, नागदा, उज्जैन, मक्सी, ब्यौवरा राजगढ़, चचौरा बीनागंज, रुठियाई, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, डबरा और दतिया स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सेकंड एसी, थर्ड एसी, थर्ड एसी इकोनॉमी, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 04126/04125 बांद्रा टर्मिनस-सूबेदारगंज सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल- ट्रेन संख्या 04126 बांद्रा टर्मिनस-सूबेदारगंज सुपरफास्ट स्पेशल हर मंगलवार को बांद्रा टर्मिनस से 11-15 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम (20.35/20.45, शुक्रवार) होते हुए अगले दिन 17-00 बजे सूबेदारगंज पहुँचेगी। यह ट्रेन बान्द्रा टर्मिनस से 08 अप्रैल से 01 जुलाई, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04125 सूबेदारगंज-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल हर सोमवार को सूबेदारगंज से 05-20 बजे चलकर रतलाम मंडल के रतलाम (22.25/22.35, सोमवार) होते हुए अगले दिन 09-30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। यह ट्रेन 07 अप्रैल से 30 जून 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, रूपबास, फतेहपुर सीकरी, ईदगाह, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में थर्ड एसी, स्लीपर एवं जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 01906/01905 असारवा-कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल- ट्रेन संख्या 01906 असारवा-कानपुर सेंट्रल स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को असारवा से 09.15 बजे चलकर रतलाम मंडल के चंदेरिया (18.00/18.05) होते हुए और बुधवार को 07.00 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी।

यह ट्रेन 8 अप्रैल से 1 जुलाई, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 01905 कानपुर सेंट्रल-असारवा स्पेशल प्रत्येक सोमवार को कानपुर सेंट्रल से 08.00 बजे चलकर रतलाम मंडल के चंदेरिया (21.20/21.25) होते हुए मंगलवार को 05.45 बजे असारवा पहुंचेगी। यह ट्रेन 7 अप्रैल से 30 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में हिम्मत नगर, डूंगरपुर, जावर, उदयपुर सिटी, मावली जं., चंदेरिया, मांडलगढ़, बूंदी, केशोराय पाटन, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, फतेहपुर सीकरी, ईदगाह, टूंडला, फिरोजाबाद और इटावा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में सेकंड एसी, थर्ड एसी, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

## एमडी ने दिए गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के निर्देश



इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक (एमडी ) श्री अनूप कुमार सिंह ने बुधवार की शाम देवास जिले का दौरा किया। उन्होंने चापड़ा वितरण केंद्र के तहत गोपालपुरा, करनावद व अन्य स्थानों पर आरडीएसएस के कार्य की जानकारी भी ली। श्री सिंह ने गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति समय पर राजस्व संग्रहण, आरडीएसएस के कार्य समय पर पूर्ण करने इत्यादि विषयों पर अधीक्षण यंत्री व कार्यपालन यंत्रियों को निर्देशित भी किया। केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना धरती आबा के तहत जारी सर्वेक्षण अभियान की जानकारी भी ली। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान, मुख्य अभियंता कार्य एसएल करवाड़िया, अधीक्षण यंत्री देवास केतन रायपुरिया व अन्य कार्यपालन यंत्रीगण मौजूद थे।

## श्री सिद्धि विनायक गणेश मन्दिर समिति का19वां स्थापना दिवस

इंदौर। श्री सिद्धि विनायक गणेश मन्दिर समिति धनवनतरी नगर का 19वां स्थापना दिवस धूमधाम से शुरू हो गया। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि 5 दिवसीय उत्सव की शुरुआत सुबह ओम गणपतेय नम के अखंड जाप से हुई। आयोजन 9 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम होंगे।सुनील बेहरे ने बताया कि शंख ध्वनि और बैंड बाजे के साथ मन्दिर परिसर से शोभा यात्रा निकली जिसमे बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। उसके बाद अथर्वशीष द्वारा सहस्त्रावर्चन अभिषेक हुआ । शाम को पुणे के हरि भक्त परायण वासुदेव दुआ बुरसे द्वारा नारदीय कीर्तन की प्रस्तुति दी गई।

## जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक अतुल दुबे को नियुक्त किया गया मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी

इंदौर। मध्यप्रदेश शासन सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मध्य प्रदेश कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। यह टीम सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा संबंधित विषयों पर सशक्त एवं केंद्रीकृत स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य कर रही है।



इस अनुक्रम में साइबर सुरक्षा के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखते हुए समस्त जिलों में डिजिटल संचालन एवं सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक श्री अतुल दुबे को इंदौर जिले का मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है । यह नियुक्ति अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग श्री संजय दुबे के आदेश के परिपालन में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा की गई है। मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी द्वारा विभागीय आईटी संबंधित कामकाज का रिव्यू किया जायेगा। रिस्क असेसमेंट तथा प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी एकत्रित कर उनमें सुधार कार्य हेतु अनुशंसा की जा सकेगी। विभागीय पोर्टल एवं अन्य आईटी कामकाज से संबंधित ऑडिट एवं टेस्टिंग संबंधी कार्य भी किए जा सकेंगे।

## स्वर्णिम फ़ाउंडेशन द्वारा इस वर्ष 250 बाल दिव्यांग बच्चों की नि-शुल्क सर्जरी

इंदौर। स्वर्णिम फ़ाउंडेशन इंदौर द्वारा बाल दिव्यांग निवारण सर्जरी शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इसके फ़ोल्डर का विमोचन गौसेवा के लिए समर्पित एवं पच्चीस हज़ार गायों की सेवा कर रहे स्वामी अच्युतानंदन महाराज द्वारा किया गया।विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि



गौसेवा की ही तरह नि-शुल्क बाल दिव्यांग सर्जरी सेवा है जिन्हें अपने पैरों पर खड़े होने एवं चलने योग्य बनाया जा रहा है। संस्थापक वीरेंद्र कुमार जैन नें बतलाया कि जो बच्चे रेंग कर या मेंढक की तरह चलते हैं उनकी नि-शुल्क सर्जरी कर स्वावलंबी बनाया जा रहा है ।यूनिक हास्पिटल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एवं प्रसिद्ध अस्थि संधि जोड़ एवं प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ प्रमोद पी नीमा द्वारा बच्चों की नि- शुल्क सर्जरी की जावेगी।संस्था के अध्यक्ष विवेक शारदा जैन ने बतलाया की मरीज़ के साथ उनके एक अटेंडेंट के रहने एवं खाने की व्यवस्था भी की गई है ।ज़रूरत होने मरीज़ के जाने आने के खर्च की भी व्यवस्था भी फाउंडेशन द्वारा की जावेगी । संस्थापक अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जैन के नेतृत्व में एवं सहयोग से पिछले वर्षों में फाउंडेशन द्वारा लगभग 1250 बच्चों की सर्जरी की जा चुकी है । इस वर्ष 250 बच्चों की सर्जरी करने का लक्ष्य रखा गया है।नि-शुल्क सर्जरी 31 दिसंबर 2025 तक लगातार चलेगी।सर्जरी दशहरा मैदान के सामने स्थित यूनिक अस्पताल में होगी।

## कार्टून कोना




# बगैर एरिया एजुकेशन अफसरों के ही काम चलाना पड़ रहा शिक्षा विभाग

### एक दशक बाद भी नहीं मिल सके एरिया एजुकेशन अफसर

इंदौर एक दशक पहले लिए गए निर्णय पर सरकार अब तक अमल नहीं कर सकी है, जिसकी वजह से प्रदेश के शिक्षा विभाग को बगैर एरिया एजुकेशन अफसरों के ही काम चलाना पड़ रहा है। इसकी वजह से अब लोक शिक्षण संचालनालय का काम प्रौढ़ शिक्षा के अफसरों के भरोसे है। इसकी वजह है पूर्व में लोक शिक्षण संचालनालय में भी राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों की पदस्थापना की जाती थी, जो अपर संचालक से लेकर संचालक तक के पदों पर काम किया करते थे, लेकिन सरकार ने करीब 12 साल पहले निर्णय लेकर लोक शिक्षण संचालनालय से उनका दखल पूरी तरह से समाप्त कर दिया था।

इसके साथ ही तय किया था कि राप्रसे के अफसरों की जगह राज्य शिक्षा सेवा संवर्ग के तहत एरिया एजुकेशन ऑफिसर (एओ) के पदों पर भर्तियां की जाएगी। लेकिन इस बीच तीन बार सरकारें बदल चुकी हैं, लेकिन भर्ती की प्रक्रिया तक शुरु नहीं हो सकी है। उस समय दावा किया गया था कि यह कदम स्कूल शिक्षा विभाग को मजबूती प्रदान करने की मंशा से उठाया जा रहा है। कैडर में सबसे पहले निचले पद पर यानी एरिया एजुकेशन ऑफिसर (एईओ) के पदों पर भर्तियां होनी थी, लेकिन इस पद को छोड़कर विभाग के अधिकारियों ने लगभग सभी उच्च पदों पर कब्जा कर लिया।

### एईओ की परीक्षा भी उलझी

सरकार ने एरिया एजुकेशन ऑफिसर के 2973 पदों पर भर्ती के लिए 8 सितंबर 2013 को भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा सहित अन्य जिलों में ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कराई गई थी। परीक्षा में प्रदेश भर से करीब 23 हजार शिक्षक शामिल हुए थे, लेकिन परीक्षा विभाग द्वारा एईओ की परीक्षा लेकर बनाए नियम में इतनी विसंगति थी कि मामला सुलझने के बजाय उलझता ही चला गया। बाद में विभाग ने पूरे मामले को ही ठंडे बस्ते में डाल दिया। इसी बीच विभाग के अफसरों ने एईओ को छोड़ सभी पदों को पदोन्नति से भर दिए। फिलहाल विभाग में जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयकों की पोस्टिंग मनमाने तरीके से अलग-अलग हो रही है। विभाग दो भागों यानी राज्य शिक्षा केंद्र और लोक शिक्षण संचालनालय में बंटा हुआ है। इनका बजट भी अलग-अलग होता है। एईओ सिस्टम लागू करने से डीईओ व डीपीसी कार्यालय एक हो जाएंगे और कमान उप संचालक के पास होगी। इस कारण विभाग के आला अफसर बजट व राशि वितरण में मनमानी नहीं कर पाएंगे।

### बीईओ के बड़े अधिकार

राज्य शिक्षा सेवा के गठन में बीईओ को पावरफुल बनाया गया है। अभी तक बीईओ को विभिन्न स्कूलों के संचालक व सरकारी स्कूलों का स्टॉफ ज्यादा महत्व नहीं देता। इस कारण किसी भी ब्लॉक का बीईओ अभी सीधे कार्रवाई करने में हिचकता है। शिक्षा सेवा के गठन में ब्लाक एजुकेशन ऑफिसर (बीईओ) के पद को उन्नत कर एरिया एजुकेशन ऑफिसर (एईओ) नाम दिया गया है। यह पईओ संबंधित ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई सहित सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

## हर घर माँ नर्मदा योजना के तहत करोड़ों की सौगात



देपालपुर। देपालपुर विधानसभा के शहरी क्षेत्र में आने वाले वार्ड क्रमांक 15 को बुधवार को करोड़ों रुपये की सौगात मिली। हर घर माँ नर्मदा योजना के तहत गांधी नगर, नया बसेरा और टिगरिया बादशाह में पाइपलाइन द्वारा जल आपूर्ति की शुरुआत की गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मनोज निर्भय सिंह पटेल, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद ममता सुभाष सुनेर, जगदीश चौकसे, मंडल अध्यक्ष सुशील शर्मा, जितेंद्र रघुवंशी, सोहन सिंह राठौर, विवेक बाँझल, अनिल सुनेर, इशू दानी, विजय सिंह पवार, निर्मल पोरवाल, राहुल सोलंकी, जगदीश ठेकेदार, सुरेश पटेल सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बांगड़दा रोड स्थित गणेश मंदिर से परसराम मार्ग स्थित शिव मंदिर तक महिलाओं की कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति ने भाग लिया। गांधी प्रतिमा के पास आयोजित सभा में विधायक मनोज निर्भय सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने जनता से किए गए वादों को पूरा करने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि हर घर तक माँ नर्मदा का जल पहुँचाने की योजना को महापौर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इसके साथ ही क्षेत्र में 4.50 करोड़ रुपये की लागत से ड्रेनेज लाइन का नवीनीकरण किया जाएगा, जिससे जल निकासी की समस्या का समाधान होगा। इसके अलावा, 50 लाख रुपये की लागत से पितृ पर्वत पर श्मशान घाट के निर्माण और क्षेत्र के लिए शुद्ध पेयजल आपूर्ति की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यह योजना लोगों की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने अपने संबोधन में भावुकता व्यक्त करते हुए कहा कि गांधी नगर उनका जन्म स्थान है और उनके नानाजी का घर भी यहीं स्थित है। इसलिए यह उनका कर्तव्य बनता है कि वे इस क्षेत्र की हर जरूरत का ध्यान रखें। कार्यक्रम के समापन पर पार्षद प्रतिनिधि सुभाष सुनेर के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें मंच पर ही सम्मानित किया गया और हार पहनाकर शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कैलाश पिछोलिया ने किया।

## नामदेव छीपा जागृति महिला संगठन ने निकाला गणगौर बाना



इंदौर। नामदेव छीपा जागृति महिला संगठन ने निकाला इंदौर वायर चौराहा कालका माता मंदिर से गणगौर बाना- रोकड़िया हनुमान मंदिर तक निकली शोभायात्रा, भजनों पर नाचती हुई चली नारी शक्तिइंदौर में नामदेव वैष्णव समाज संघ की महिला शाखा ने बुधवार को परंपरागत गणगौर बाना (शोभायात्रा) निकाला गया। यह कालका माता मंदिर इंदौर वायर चौराहा परिसर से शुरू हुआ।

महिला संगठन संयोजिका के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजकर शामिल हुईं। शोभायात्रा में महिलाएं गणगौर लेकर भजनों पर झूमती हुई चलीं। कार्यक्रम में सुंदर वेशभूषा और सोलह श्रृंगार के साथ महिला संयोजिका मध्य प्रदेश संगीता रंजन पवार, नामदेव छीपा जागृति महिला संगठन अध्यक्षा श्रीमती पूजा रोहित गोठानिया,सचिव श्रीमती अर्चना कंजोडिया, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुनयना अमित गुजरानिया , श्रीमती फूल जनवासिया, श्रीमती मीरा गोठानिया श्रीमती अनीता जाचपूरे, श्रीमती मीना तोनगरिया शामिल थी



## आओ स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ

इंदौर। बाल साहित्यकार नयन राठी ने स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यकम का शुभारंभ , शास . शारदा कन्या मा. विद्यालय क्र .2 में किया। सभी छात्रों को नवीन शिक्षा सत्र में किस तरह पढ़ाई करना है, भविष्य में किस तरह अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर,समर्पित होना है, इस हेतु चर्चा की एवम् विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विधार्थियो के साथ स्कूल चलें हम कविता का पाठ किया। कविता पाठ के दौरान छात्र, छात्रा उत्साहित, और ऊर्जावान रहे। कार्यकम के अंत में विद्यार्थियों एवं विद्यालय को बाल पत्रिका चिरैया भेंट की गई। प्रधान पाठक गोविंद शर्मा जी ने आभार प्रकट किया।

### साईकिल रैली का आयोजन

इन्दौर, ।लोकमाता पुण्यश्लोका देवी अहिल्या बाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष महोत्सव के शुभ अवसर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर द्वारा ''उच्च शिक्षित बालिका- विकसित भारत'' ध्येय के अन्तर्गत देवी अहिल्या विश्वविद्यालय साईकिल रैली का आयोजन 5 अप्रैल को प्रात : 6 बजे किया जा रहा है।यह साईकिल रैली तक्षशिला परिसर स्थित स्थापित माँ अहिल्या की प्रतिमा से प्रारंभ होकर महेश्वर स्थित माँ अहिल्या की प्रतिमा के समक्ष सम्पन्न होगी।इस ऐतिहासिक आयोजन में माननीय कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई जी के नेतृत्व में लगभग 15 शिक्षक, कारी, कर्मचारी, पूर्व छात्र एवं विद्यार्थी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होंगे।

## ईद मिलन समारोह में दुआएं फरमाई - अमन और चैन से महकता रहे मुल्क हमारा



इन्दौर। रानीपुरा में ईद मिलन समारोह छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष रेहान अंसारी ने बताया कि इस दौरान एक-दूसरे को सेवईयां खिलाकर खुशियां बांटी गई। इस अवसर पर हमारा पूरा मुल्क अमन और चैन से महकता रहे। इसके लिए दुआएं फरमाई गई। कार्यक्रम में इक़बाल अज्जु, आसिफ खान, इमरान अंसारी, इक़बाल मंसूरी, जूबैर अंसारी, शरीफ भाई सहित अनेक वरिष्ठजन मौजूद थे।

## नारायणा स्कूल में मना दीक्षांत समारोह



राऊ । नारायणा ई-टेक्नो स्कूल में कक्षा 5 एवं पी?पी?2 का दीक्षांत समारोह डॉ आर के बघेरवाल सेवानिवृत्त संचालक क्लिनिक एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कक्षा 4 के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

छात्रों ने सुन्दर गाउन और हुड पहना था। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन मे उच्च संस्कार हेतु प्रारंभिक स्तर पर अभिभावक और स्कूल के संयुक्त प्रयासों का आव्हान किया

इस अवसर पर अभिभावक भी उपस्थित थे।

प्राचार्या महोदया श्रीमती माधवी भाले ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उप प्राचार्या श्रीमती पद्मजा एवं किड्स इनचार्ज श्रीमती दीपिका पोद्दार ने आभार प्रकट किया।

## नरवाई जलाने पर होगी सख्त कार्रवाई



देपालपुर। किसानों को नरवाई फसल कटाई के बाद खेत में बचा अवशेष जलाने से रोकने के लिए आज विकासखंड देपालपुर के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में कृषि विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में एसडीएम राकेश मोहन त्रिपाठी ने सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि यदि कोई किसान नरवाई जलाता है तो उसे आर्थिक दंड भुगतना पड़ेगा। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि यदि कोई किसान 2 एकड़ तक नरवाई जलाता है तो उसे ?2500 का आर्थिक दंड देना होगा 2 से 5 एकड़ तक के लिए ?5000 और 5 एकड़ से अधिक जलाने वाले किसानों को ?15000 तक दंड देना अनिवार्य होगा यह दंड क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को रोकने और भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए निर्धारित किया गया है बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि कृषि विभाग का अमला किसानों को नरवाई न जलाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जाकर जागरूक करेगा इस दौरान किसानों को समझाया जाएगा कि नरवाई जलाने से भूमि की उर्वरता कम होती है मिट्टी में मौजूद पोषक तत्व नष्ट होते हैं और जलधारण क्षमता प्रभावित होती है । बैठक के माध्यम से प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि नरवाई जलाने पर अब सख्ती बरती जाएगी और जो भी इस नियम का उल्लंघन करेगा उसे दंड का सामना करना पड़ेगा

## आईसीआईसीआई लोम्बार्ड की अनैतिक प्रथाएँ, मरीजों को परेशान करना और दावों को गलत तरीके से खारिज करना

इंदौर। अनैतिक बीमा प्रथाओं का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने एक वैध स्वास्थ्य बीमा दावे को गलत तरीके से खारिज कर दिया, जिससे एक मरीज को अनावश्यक उत्पीड़न, वित्तीय संकट और मानसिक पीड़ा से गुजरना पड़ा। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के संपूर्ण स्वास्थ्य बीमा के पॉलिसीधारक डॉ. जेम्स पाल को अस्पताल के अधिकारियों द्वारा विधिवत प्रमाणित किए गए अनुसार 24 घंटे से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रखा गया था। डिस्चार्ज सारांश और अस्पताल घोषणा पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बावजूद, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने अपर्याप्त अस्पताल में भर्ती अवधि का झूठा हवाला देते हुए 26,065 के दावे को मनमाने ढंग से खारिज कर दिया।

### फाइन प्रिंट के नाम पर बीमा घोटाला?

यह मामला कोई अकेली घटना नहीं है। कई पॉलिसीधारकों ने आईसीआईसीआई लोम्बार्ड द्वारा इसी तरह के गलत दावों को खारिज किए जाने की रिपोर्ट की है, जो वित्तीय जिम्मेदारी से बचने के लिए धोखाधड़ी से दावा खारिज करने की रणनीति का एक पैटर्न उजागर करता है। बीमाकर्ता अपने ग्राहकों की परेशानी और पीड़ा को अनदेखा करते हुए आसानी से तकनीकी बातों के पीछे छिप जाता है।

### झूठे वादे और भ्रामक बिक्री रणनीति

डॉ. पाल को आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया था कि पुराने नियम, जैसे कि 24 घंटे अस्पताल में भर्ती होने का कठोर नियम, उनकी पॉलिसी पर लागू नहीं होगा। हालाँकि, जब दावे को पूरा करने का समय आया, तो कंपनी ने अपनी प्रतिबद्धता से मुकरते हुए साबित कर दिया कि उसके वादे महज मार्केटिंग के हथकंडे थे।

# तेज बारिश के साथ होगी अच्छी पैदावार, चार देश करेंगे संसद पर हमला

## बेरछा स्थित नाग महाराज के स्थान से पं. मांगीलाल शर्मा ने की भविष्यवाणी

**जावरा।** चैत्र मास ही नवरात्रि में चैत्र सूदी पंचमी को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बेरछा स्थित नाग महाराज के स्थान से वर्षभर होने वाले घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं तथा राजनैतिक परिदृष्य पर बेरछा मंदिर से पंडाजी मांगीलाल शर्मा द्वारा भविष्यवाणी की गई। जिसमें पं. शर्मा ने कहा कि इस वर्ष आषाढ़, श्रावण और भादवा में तेजी बारिश होगी, चांडाल योग होने से देश में आपात स्थिति भी बनेगी। वैशाख से आषाढ़ तक बीमारी चलेगी। बाहरी देशों के साथ भारत में भी कोरोना बिमारी का प्रभाव रहेगा लेकिन डरने की जरुरत नहीं हैं। चार देश मिलकर भारत के संसद पर हमला करेंगे, लेकिन नुकसान नहीं होगा। देश में भुकम्प के संकेत भी भविष्यवाणी में दिए गए। देश में बम काण्ड भी होगें। पूरे वर्षभर में 4 मावठे भी होगे। पंडा जी ने 20 जून से 22 जून तक खेतों में बुआई का मुर्हूत भी बताया हैं। आषाढ माह में 5 दिन वर्षा होगी, तो सावन माह में 25 दिन पानी



गिरेगा, भादवा और कुंआर माह में भी 5-5 दिन बारिश होगी।

### बताया जुताई का मुर्हूत

पंडाजी मांगीलाल शर्मा की भविष्यवाणी सुनने आए किसानों को हल चलाने का मुर्हूत बताते हुए कहा कि इस वर्ष बोवनी के लिए 20 जून 2025 से 22 जून 2025 तक अच्छा मुहूर्त रहेगा। उज्जैन के राजा महाकाल के नाम से दो अगरबत्ती लगाने बाद हल से जुताई करना लाभदायक होगा। पंडा जी ने कहा कि इस वर्ष अनाज के भाव सस्ते रहेंगे।

### फसलों के भाव में होगा उतार चढ़ाव

भविष्यवाणी करते हुए पंडाजी ने कहा कि इस वर्ष सोयाबीन में तेजी नहीं रहेगी, अनाज के भाव सस्ते होंगे। पंडाजी ने कहा कि रुपए के लालच में किसान प्रतिवर्ष लहसुन की पैदावार अधिक कर रहे हैं, जिससे जमीन की पैदावार क्षमता घट रही हैं। लहसुन में बिमारी लग रही हैं, किसान लहसुन को छोड़कर अन्य अनाज जैसे मुंगफली, उड़द व अन्य फसलों की पैदावार पर ध्यान देवें। मिर्ची के भाव में बढ़ोतरी होगी, सोना चांदी घटकर पुनः बढेगा। पंडाजी ने गतवर्ष की भविष्यवाणी में भी सोना चांदी में उतार चढ़ाव की बात कहीं थी।

### 66 वर्षो से हो रही भविष्यवाणी

बेरछा नाग महाराज के पंडाजी पं.मांगीलाल शर्मा के उत्तराधिकारी पं. राधेश्याम शर्मा ने बताया कि यह स्थान 1959 में प्रकट हुआ था, यहां बीते 66 वर्षो से लगातार भविष्यवाणी हो रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार यहां होने वाली भविष्यवाणी काफी हद तक सही सिद्ध होती हैं। गुरुवार को दोपहर में पंडित राधेश्याम शर्मा ने सर्वप्रथम भगवान की महाआरती की। पंडाजी ने हनुमान चालीसा, महाकाल स्तुति व सत्संग करवाकर देवी देवताओं का आव्हान किया। वहां उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने जयकारे लगाएं। पंडाजी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। इस आयोजन में जावरा, नागदा, खाचरौद, रतलाम सहित अनेक स्थानों के श्रद्धालु शामिल हुए। जावरा से समाजसेवी व भाजपा नेता पिंकेश मेहरा, दिनेश माहेश्वरी ने आशीर्वाद लिया। इस दौरान अनेक मीडियाकर्मी भी उपस्थित हुए। यहां मौजुद किसानों ने बताया कि यहां होने वाली भविष्यवाणी सत्य होती हैं। किसान पंडाजी द्वारा बताए गए मुर्हूत में खेतों में जुताई करते हैं, जिससे फसल की पैदावार अच्छी होती हैं। प्रतिवर्ष पंचमी तिथि को यहां भक्तों की भीड़ जमा होती हैं।

# ईकेवायसी नहीं ... तो नहीं मिलेगा जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूता सहायता योजना का लाभ

**जावरा।** न्यू अनमोल पोर्टल 2.0 सात अप्रैल से मध्य प्रदेश में प्रारंभ हो रहा हैं। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवम नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य सेवाओं को ट्रैक एवं प्रबंधित करने के लिए विकसित किया गया हैं। सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी, सिविल हॉस्पिटल जावरा प्रभारी डा दीपक पालड़िया ने बताया कि जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूता सहायता योजना का भुगतान अब समग्र आईडी, सीई श्रमिक के साथ डीबीटी होने पर ही महिलाओं को होगा, अब पति पत्नी का समग्र आधारित पंजीयन होगा, न्यू अनमोल पोर्टल 2.0 में अब हितग्राहीयो के खाते, आईएफएमएस की आवश्यकता नहीं होगी, ईकेवायसी होने पर भुगतान हो जाएगा। जननी सुरक्षा और प्रसूता योजना का एक साथ होगा भुगतान - स्वास्थ विभाग के शैलेन्द्र दवे ने बताया कि अब जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूता सहायता योजना का भुगतान एक साथ हो जाएगा, पहले जननी सुरक्षा योजना का भुगतान होता था फिर प्रसूता सहायता योजना का, विवाह पश्चात् महिलाओं को पति के साथ समग्र आईडी में नाम होना चाहिए, अब पति पत्नी दोनों को मेसेज प्राप्त होगा, नए अनमोल पोर्टल पर अब एक ही बार आईडी बनेगी,पहले पोर्टल पर डबल एमपीआईडी बन जाती थी। गर्भवती महिलाओं की डिलेवरी होते ही अपडेट हो जायेगा तथा डिस्चार्ज भी ऑनलाइन बनेगा, अब डिलेवरी अपडेशन 90 दिन के अंदर कराना अनिवार्य होगा, 90 दिन के बाद हितग्राही को भुगतान नहीं होगा, न्यू अनमोल पोर्टल पर हाइ रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची अलग से निकल जायेगी। अब एएनएम इस पोर्टल के माध्यम से अपने क्षेत्र की मैपिंग कर सकेगी, ई टिकट प्रणाली पर किसी भी तरह की समस्या का हल मिल सकेगा, तथा रिपोर्टिंग प्रणाली में सुधार होगा, वैवाहिक स्थिति को पोर्टल पर अपडेट कराने की जवाबदारी महिला हितग्राही की होंगी, न्यू अनमोल पोर्टल 2.0 का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी रतलाम के मार्गदर्शन में, सीबीएमओ, मेडिकल ऑफिसर, सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, लेखापाल, ऑपरेटर को सफलता पूर्वक जिले में दिया जा रहा हैं।

# बैकाबू बस परवलिया स्थित मकान में घुसी, ड्राईवर सहित पांच लोग घायल

**जावरा/ढोढर।** जोधपूर से हैदराबाद जा रही बस गुरुवार को तड़ने करीब 5 बजे बैकाबू होकर परवलिया स्थित एक मकान में जा घुसी, हादसे में बस चालक सहित करीब पांच लोग गंभीर घायल हुए, जिन्है उपचार के लिए जावरा के सरकारी अस्पताल भेजा गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्है रतलाम रैफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बस में करीब 40 से अधिक यात्री सवार थे, केबिन में बैठे यात्रियों की माने तो बस के आगे सीमेंट की ट्रक चल रही थी, जिसमें से सीमेंट की बोरी गिरने के चलते एक बस बैकाबू हो गई थी। वहीं कुछ का कहना था कि बस चालक को अचानक से नींद की झपकी आ गई, जिससे बस आगे चल रही सीमेंट की ट्रक से टकरा



गई और बैकाबू हो गई और मकान में घुस गई।

### 108 की मदद से घायलों को भेजा अस्पताल

हादसे के बाद प्रधान आरक्षक राहुल उपाध्याय मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से गंभीर घायल बस चालक को कांच फोड़ कर बाहर निकाला और केबिन में बैठे सहायक चालक व क्लीनर को भी बाहर निकाला वहीं वॉशरूम में गई सायरा को बाहर निकाला। हादसे में बस चालक अफजल खान पिता शरीफ खान (40) निवासी जोधपूर जयकरण (25) निवासी नागौर, बलवीरसिंह पिता नारायणसिंह (35) निवासी जौधपूर, ज्योति पिता पवन (23) निवासी राजस्थान के साथ परवलिया निवासी सायरबाई पति भगवान गंभीर रुप से घायल हो गए।





# गृहकार्यो के साथ सेवा गतिविधियों में भी लेडी लायन क्लब ओजस का उच्च स्थान : योगेन्द्र रुनवाल

### लायंस क्लब जावरा ओजस की अधिकारिक यात्रा पर जावरा पहुंचे डिस्ट्रिक्ट गर्वनर

**जावरा।** घर परिवार के काम के साथ समाज सेवा और सेवा गतिविधियों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना, पीड़ित मानवता के साथ मुक पशु पक्षियों की सेवा कर लायंस डिस्ट्रिक्ट में अपना अहम स्थान बनाया हैं। सेवा कार्य में जुटी लेड़ी लायन क्लब जावरा ओजस की नारी शक्ति को नमन, आपकी सेवा गतिविधियों से अभिभूत हुं।

यह बात लायंस इंटरनेशनल की डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के डिस्ट्रिक्ट गर्वनर योगेन्द्र रुनवाल ने स्थानीय गीता भवन पर लायंस क्लब जावरा ओजस की अधिकारिक यात्रा के दौरान कहीं। गर्वनर विजिट के दौरान अतिथि के रुप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेन्द्र गर्ग ने भी संबोधित किया। अध्यक्ष दीपिका सोनी ने स्वागत भाषण दिया। सचिव कविता चौहान ने सचिवीय प्रतिवेदन रखा। आय व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष पुष्पा सोनी ने रखा। क्लब द्वारा किए गए सेवा कार्यो की जानकारी चार्टर अध्यक्ष रजनी अरोड़ा ने रखी। संचालन साक्षी अरोड़ा ने किया। आभार द्वितीय उपाध्यक्ष राधा राठौर ने माना।

### सेवागतिविधि के तहत भेंट किया वाटर कूलर

गर्वनर विजिट का शुभारंभ रेखा रावल की ध्वज वंदना से हुआ। स्वागत गीत वर्षा अरोड़ा ने प्रस्तुत किया। विजिट के दौरान क्लब द्वारा विभिन्न सेवा गतिविधियां की, जिसके तहत स्व. पारस गंगवाल की स्मृति में झमक गंगवाल द्वारा तथा पाटनी ब्रदर्स के पवन पाटनी ने अपनी माताजी की स्मृति में वाटर कूलर डिस्ट्रिक्ट गर्वनर के कर कमलों से लायंस क्लब जावरा के अध्यक्ष डॉ शेलेन्द्र पाण्डेय, सचिव यश जैन, कोषाध्यक्ष गौधा तथा लायंस चिकित्सालय चेयरमेन अनिल धारीवाल, पूर्वाध्यक्ष अशोक सेठिया, घनश्याम रामनानी को प्रदान किया। इस दौरान स्फटिक चार्टर अध्यक्ष सुरेश रांका, स्फटिक अध्यक्ष संतोष राठौर, लायंस क्लब एक्टिव अध्यक्ष पारुल गर्ग भी मौजुद रहे।

### सिलाई मशीन व पंखा भी किया भेट

सेवा गतिविधियों के तहत एक सिलाई मशीन सुनिता जैन, अनिता सर्राफ ने और एक मशीन अनिल गंगवाल ने अपने भाई पारस गंगवाल की स्मृति में क्लब को भेट की, जिसे आजीविका चलाने हेतु दो निर्धन महिलाओं को गर्वनर के हाथों प्रदान की। वर्षा बैरागी के सोजन्य से मठ मंदिर हेतु एक छत पंखा भेंट किया गया। संगीता सोनी और अन्य दानदाताओं के सहयोग से 30 किलो आटा निर्धन महिलाओं को भेंट किया गया। वहीं निर्धन महिलाओं को साड़ियों का वितरण भी किया।

### उद्यमी महिलाओं को दिया सम्मान

क्लब सचिव कविता चौहान ने बताया कि विजिट के दौरान क्लब की उद्यमी महिलाओं चंचल गादिया और शीतल मेहता का गर्वनर के हाथों सम्मान करवाया गया। विजिट के साथ ही ढोल की थाप पर क्लब की सदस्याओं द्वारा सामुहिक रुप से गणगौर का उद्यापन भी किया। उद्यापन की व्यवस्थाओं में आशा खारीवाल ने सहयोग प्रदान किया। आयोजन के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रही सुशीला मंडलवारिया, संतोष पुरोहित, ममता सोनी, रजनी सिसौदिया के साथ मेहंदी प्रतियोगिता में चंचल गादिया, वर्षा अरोड़ा, पारुल गर्ग को अतिथियों के हाथों पुरुस्कृत किया गया। लक्की लायन रमा अग्रवाल रही।

## आज से शुरु होगी ओलीजी तप आराधना

**जावरा।** सामुहिक ओली जी तपाराधना पीपली बाजार स्थित जैन पंचायती नौहरा पर 4 अप्रैल से शुरु होगी। नवपद ओलीजी की तप आराधना 12 अप्रैल को समाप्त होगी। 13 अप्रैल को सभी ओलीजी तपस्वियों के सामुहिक पारणे होगे। श्री राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट के महामंत्री सर्राफ प्रकाश कांठेड़ एवं कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र पोखरना ने बताया कि इस तप आराधना का संयोजन श्री राजेन्द्र जैन श्वेताम्बर पेढ़ी ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा। आयोजन में समाज की महिलाएं, बालिका व पुरुषों के साथ नवयुवक मंडल के सदस्य तपस्वियों की परोसगारी कर सहयोग प्रदान करते हैं। इस तपाराधना में करीब 150 आराधक सम्मिलित होंगे। आयोजन का सम्पूर्ण लाभ श्री समता महिला मंडल ने लिया हैं। श्रीसंघ अध्यक्ष अजीत चत्तर, प्रकाश चोरड़िया, पकंज कांठेड़, प्रदीप चौधरी, पुखराज पटवा, महावीर जैन, ओप्रकाश श्रीमाल, अशोक छजलानी, सुभाष टुकड़िया, अशोक झामर, निलेश दसेड़ा, आशीष धाड़ीवाल, सुरेन्द्र सुराणा, पुखराज चत्तर, चिराग कांठेड़, राजेश संघवी, मनीष पोखरना, विजय कांठेड़, अनिल ओस्तवाल, विरेन्द्र विनायका, मनीष ओस्तवाल, विमल चपड़ोद, श्रेणिक चौहान, संदीप रांका, चंचल पटवा, चंदा कोठारी, पूजा धारीवाल, राजकुमारी पगारिया, विद्या कांठेड़, चंदनमल कोठारी आदि ने आयोजन को सफल बनाने की अपील की हैं।

## कन्या पूजन कर राठौर समाज ने मनाया हिन्दु नववर्ष राठौर समाज की गोट में उपस्थित समाजजन।



**जावरा।** सकल पँच राठौर समाज जावरा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा के अवसर पर समाज की गोट का आयोजन किया गया। जिसमें 41 कन्याओ का पूजन किया। समाजजनों ने कन्याओं के चरण धोकर कुमकुम बिंदी चावल चढ़ाकर चुनरी पहनाकर पूजा की, कन्याओ को उपहार स्वरूप भेंट दी गई। मीडिया प्रभारी बद्रीलाल चौहान ने बताया कि सर्वप्रथम खाचरोद रोड़ पर स्थित समाज की धर्मशाला राठौर धर्मशाला पर भगवान श्री गणेशजी की आरती की ततपश्चात कन्याओ का पूजन किया गया। कन्याओं को उपहार राठौर समाज महिला मण्डल चंदा राठौर, राजकुमार राठौर, विकास राठौर सर, गोविंद राठौर, नितेश राठौर गजक वाले, सकल पँच राठौर समाज जगदीश सोलंकी, हरीश सोलंकी गंगासागर डिस्पोजल द्वारा दिये गए। कन्या पूजन के बाद सभी समाजजनो का सहभोज का आयोजन हुआ। आयोजन के लाभार्थी राठौर समाज कार्यकारिणी रहे। संचालन सचिव पवन परमार ने किया।

## ब्रह्ममहाराष्ट्र मंडल नईदिल्ली का 100 वा स्थापना दिवस 5 अप्रैल को

**रतलाम।** महाराष्ट्र समाज द्वारा ब्रह्ममहाराष्ट्र मंडल नईदिल्ली का शताब्दी वर्ष 5 अप्रैल शनिवार को मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए समाज के प्रचार सचिव किशोर जोशी ने बताया कि वर्धापन दिनी शतक महोत्सव के अंतर्गत स्टेशन रोड़ स्थित समाज भवन में 5 अप्रैल को शाम 4.30 बजे से रतलाम सहित सम्पूर्ण देश भर में सामूहिक रूप से श्री सत्यनारायण पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए ब्रह्ममहाराष्ट्र मंडल, नईदिल्ली के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मिलिंद करंदीकर, महाराष्ट्र समाज अध्यक्ष भूषण बर्वे, सचिव पराग रामपुरकर से संपर्क कर सकते है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील समाजजनों से की है।

## धोलावाड़ व मोरवानी फिल्टर प्लांट का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण



**रतलाम।** ग्रीष्म ऋतु में नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो तथा इस कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो इस हेतु निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने निगम अधिकारियों के साथ धोलावाड़ व मोरवानी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण 2 अप्रैल बुधवार को कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने निरीक्षण के दौरान जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पेयजल वितरण से संबंधित सभी तकनीकि संसाधन चालू अवस्था में रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जायें ताकि पेयजल वितरण के किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो। उन्होने निर्देशित किया कि पेयजल के अपव्यय को रोकने हेतु लीकेज दुरस्त करें ताकि व्यर्थ पानी ना बहे साथ ही नागरिकों को भी पेयजल का अपव्यय रोकने हेतु जागरूक करें। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री राहुल जाखड़, सहायक यंत्री सुहास पंडित, उपयंत्री भैयालाल चौधरी, ब्रजेश कुशवाहा, अनुपम मिश्रा के अलावा जितेन्द्र सिसोदिया, नीरज यादव, मोहन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रामनवमी व महावीर जयंती पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 6 अप्रैल रविवार को रामनवमी व 10 अप्रैल गुरूवार को महावीर जयंती पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौश्त विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवस को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाये तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये।

## संतरागाछी-अजमेर के मध्य ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रतलाम।** ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के चंदेरिया स्टेशन पर ठहराव के साथ संतरागाछी से अजमेर के मध्य गाड़ी संख्या 08611/08612 संतरागाछी अजमेर संतरागाछी स्पेशल ट्रेन का परिचालन दोनों दिशाओं में तीन-तीन फेरे किया जाएगा। गाड़ी संख्या 08611 संतरागाछी अजमेर स्पेशल 07 से 21 अप्रैल, 2025 तक संतरागाछी से प्रति सोमवार को 19.55 बजे चलकर रतलाम मंडल के चंदेरिया (11.05/11.30,बुधवार) होते हुए बुधवार को 15.00 बजे अजमेर रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 08612 अजमेर संतरागाछी स्पेशल, 10 से 24 अप्रैल, 2025 तक अजमेर से प्रति गुरूवार को 23.40 बजे चलकर रतलाम मंडल के चंदेरिया(02.45/03.25, शुक्रवार) होते हुए शनिवार को 14.30 बजे संतरागाछी रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। इस ट्रेन का दोनों दिशाओं में खड़गपुर, टाटा, चाण्डिल, मूरी, रांची, लोहरदगा, टोरी, लातेहार, बरवाडीह, डाल्टनगंज, गढ़वारोड, रेणुकूट, चोपन, सिंगरौली, बरगवॉं, सरई ग्राम, ब्योहारी, खन्ना बंजारी, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना मालखेड़ी, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, अटरू, बारां, सोगरिया, बूंदी, मांडलगढ़, चंदेरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर एवं नसिराबाद स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। यह ट्रेन दो थर्ड एसी, बारह स्लीपर, चार समान्य श्रेणी एवं दो एसएलआर कोच के साथ चलेगी।

## बडावदा क्षेत्र में अपंजीकृत अस्पताल संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की गई



**रतलाम।** जिले के जावरा विकासखण्ड में बडावदा क्षेत्र में चिकित्सकीय दल द्वारा नायब तहसीलदार की मौजूदगी में 2 अप्रैल को सायं 6.00 बजे हंस मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। वहां पहुंचने पर मेडिकल स्टोर्स में एलोपैथिक पद्धति से उपचार किया जाना पाया गया तथा सत्यनारायण पाटीदार एवं मुकेश लक्षकार से पूछताछ करने पर चिकित्सकीय उपचार संबंधी वैधानिक पंजीयन प्रस्तुत नहीं कर सके। उनके पास म.प्र. प्रदूशण नियंत्रण बोर्ड अन्तर्गत अथोराइजेशन भी नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि सत्यनारायण पाटीदार जनस्वास्थ्य रक्षक हैं तथा मुकेश लक्षकार जीएनएम तृतीय वर्ष में अध्ययनरत है। अतः प्रकरण में उपचार सामग्री जब्त कर बडावदा थाने पर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। जांच दल में डा. नरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बर्डिया गोयल एवं अन्य उपस्थित रहे।

# जयपुर-ब्लास्ट के आतंकी को जेल

## भाजपा नेता के भाई के घर मिला, बुर्का पहनकर आता-जाता था

**रतलाम।**

**जयपुर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश में शामिल एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) के मोस्ट वांटेड आतंकी फिरोज को गुरुवार को रतलाम कोर्ट ने जेल भेज दिया। उसे गिरफ्तारी के दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की के मामले में जेल भेजा गया है।**

फिरोज को लेकर जाने के लिए जयपुर से एनआईए भी रतलाम पहुंची है। एनआईए उसका ट्रांजिट रिमांड मांगेगी। इसके बाद उसे जयपुर लेकर रवाना होगी।

5 लाख का इनामी आतंकी रतलाम निवासी फिरोज (48) एक महीने से रतलाम छिपा हुआ था। उसने बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसूर जमादार के भाई मसरूफ के घर पनाह ले रखी थी। फिरोज, मंसूर का साला है।

फिरोज आनंद कॉलोनी के जिस घर रह रहा था, वहां से 100 मीटर दूर ऑफिसर्स कॉलोनी है, जहां डीआईजी से लेकर कलेक्टर, एसपी समेत तमाम पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के बंगले हैं। आतंकी फिरोज पुलिस से बचने के लिए बुर्का पहनकर घर से बाहर निकलता था।

रतलाम की आनंद कॉलोनी में आतंकी फिरोज की रेहाना का आलीशान मकान है। तीन भाइयों के परिवार के 19 लोग इस घर में अलग-अलग हिस्से में रहते हैं। रेहाना के पति मसरूफ खेती करते हैं। आतंकी फिरोज इसी के घर में रह रहा था।



### झूमाझटकी कर भागने का प्रयास किया

फिरोज के खिलाफ रतलाम के स्टेशन रोड थाने में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है। बुधवार तड़के पुलिस इसे पकडने गई थी तब सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र रघुवंशी, हेड कॉन्स्टेबल राहुल जाट के साथ झूमाझटकी कर भागने का प्रयास किया था। लेकिन पुलिस टीम ने इसे दबोच लिया। पुलिस ने इस मामले में स्टेशन रोड थाने पर केस दर्ज किया है।

### एसपी बोले- शक के घेरे में पनाह देने वाले

एसपी अमित कुमार के अनुसार रतलाम में फिरोज का किस-किस ने सपोर्ट किया है, उसकी जांच की जाएगी। चूंकि केस एनआईए ने दर्ज किया है, तो उसके आने के बाद ही जांच का दायरा आगे बढ़ाया जाएगा। कोर्ट से फिरोज का रिमांड मांगा जाएगा, ताकि उससे पूछताछ हो सके। अभी तक की पूछताछ में वह कुछ भी नहीं बोला है।

### पूछताछ में फिरोज समेत 8 नाम बताए थे

उस दौरान पूछताछ में सामने आया था कि तीनों अलसूफा नामक संगठन से जुड़े थे। जो अपने संगठन सूफा के अन्य 8 सदस्यों के साथ मिलकर जयपुर में सीरियल ब्लास्ट कर आतंकी घटना को अंजाम देने की योजना बनाई थी। बताए गए नामों में आमीन फावड़ा, आमीन हाजी, मजहर उर्फ छोटू, इमरान पठान, यूनुस साकी, इमरान मटका, फिरोज उर्फ सब्जी सभी निवासी रतलाम एवं आकिब निवासी महाराष्ट्र का नाम सामने आया।

### मकान में 17-18 कमरे, एक में आतंकी छिपा था

फिरोज जिस घर में रहता है उसमें 17 से 18 कमरे हैं। इन्हीं में से एक कमरे में वह रुका था। बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी इसी घर में रहते हैं, लेकिन आतंकी के बारे में उन्हें पता नहीं चला। तीन साल से फरार आतंकी फिरोज खान की गिरफ्तारी पर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मंसूर जमादार ने कहा मैं मकान के आगे के हिस्से में रहता हूं। भाई मसरूफ पीछे के हिस्से में रहता है। मुझे फिरोज के बारे में पता नहीं था। आज सुबह जब पुलिस आई तब ही मुझे पता चला है। भाई मसरूफ जमादार को भी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

### घर में माता-पिता, पत्नी और चार बच्चे

आनंद कॉलोनी में ही फिरोज का भी मकान है। इस मकान में उसके पिता फकीर मोहम्मद खान, मां के अलावा पत्नी सहित 4 बच्चे भी हैं। सबसे बड़ी 19 साल की बेटी है। दूसरे नंबर पर 17 साल का बेटा है। तीसरे नंबर पर 15 साल की बेटी व चौथे नंबर पर 13 साल का बेटा है। पिता का सब्जी का कारोबार है। यह भी जानकारी सामने आई है कि फिरोज के पिता ने 2022 में 17 करोड़ रुपए में एक जमीन बेची थी।

### सूफा संगठन का खजांची था

रतलाम एसपी अमित कुमार ने बताया कि आतंकी फिरोज अलसूफा संगठन के 5 मुख्य संस्थापक सदस्यों में से होकर संगठन का खजांची था। 30 मार्च 2022 को राजस्थान के निंबाहेड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध कार (एमपी43सीए7091) को रोककर तलाशी ली थी। कार में तीन व्यक्ति जुबेर पिता फकीर मोहम्मद पठान, सैफुल्ला उर्फ सैफ खान पिता रमजानी अली और अल्तमश पिता बशीर खां तीनों निवासी रतलाम को पकड़ा था। इनके पास से विस्फोटक (12 किलो आरडीएक्स) सहित बम बनाने में प्रयुक्त होने वाला सामान जिसमें टायमर, सेल, वायर समेत अन्य सामग्री के साथ पकड़ा था।

# नेत्रम संस्था के प्रयासों से एक घंटे में दो नेत्रदान

## समाज के लिए प्रेरणादायक मिसाल

**रतलाम।**

**मानव सेवा का सर्वोच्च रूप परोपकार है, और जब यह सेवा जीवन के बाद भी जारी रहती है, तो यह एक अमूल्य उपहार बन जाती है। नेत्रम संस्था के अथक प्रयासों और समाजसेवियों की प्रेरणा से रतलाम के दो परिवारों ने अपने दिवंगत स्वजनों का नेत्रदान कर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।**





एक घंटे के भीतर दो नेत्रदान संपन्न हुए, जिससे दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई रोशनी मिलने की आशा जगी। पहला नेत्रदान अमृतसागर कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश (ओमजी) पालीवाल के निधन उपरांत उनके पुत्र मनीष पालीवाल एवं परिजनों ने दिलीप गांधी और बसंत पंडया की प्रेरणा से अपने प्रियजन की आंखें दान करने का निर्णय लिया। इसी तरह, नागरवास निवासी कांतिलाल बरमेचा के निधन पर उनके पुत्र राजेंद्र (बल्लू दलाल) बरमेचा एवं परिजनों ने प्रितेश गादिया और विनोद मूणत की प्रेरणा से इस महान कार्य में योगदान दिया।

नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत ने बताया कि जैसे ही परिजनों की सहमति प्राप्त हुई, संस्था द्वारा गीता भवन न्यास, बडनगर को सूचित किया गया। न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल अपनी टीम के सदस्य मनोहरलाल राठौड़ के साथ तुरंत रतलाम पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया को विधिवत संपन्न किया।

इस दौरान नेत्रम संस्था के हेमंत मूणत, ओमप्रकाश अग्रवाल, शीतल भंसाली, मीनू माथुर, भगवान ढलवानी, शलभ अग्रवाल, गिरधारीलाल वर्धानी, प्रशांत व्यास, कपिल पालीवाल, विकास पालीवाल एवं हरीश पालीवाल, विष्णु पालीवाल उपस्थित रहे। संस्था द्वारा परिजनों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी उदारता और समाजसेवा की भावना को सम्मानित किया गया।

नेत्रम संस्था इन परोपकारी परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती है और समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लेती है परिजनों की यह प्रेरणादायी पहल निश्चित रूप से अन्य लोगों को भी इस महान कार्य के लिए प्रेरित करेगी और अनेक दृष्टिहीन लोगों के जीवन में उजाला लाएगी।

## गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अवधि में वृद्धि, अंतिम तिथि 9 अप्रैल

**रतलाम।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसान पंजीयन व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित 65 पंजीयन केन्द्रों पर पंजीयन किए जा रहे हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी आनन्द गोले ने बताया कि पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था के तहत एम.पी. आनलाईन कियोस्क, कामन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर पंजीयन करवाए जा रहे हैं। जिले में अब तक आलोट तहसील में 6686, जावरा में 4987, रतलाम ग्रामीण में 4254, ताल में 4664, पिपलोदा में 3195, रतलाम शहर में 1025, सैलाना में 480, रावटी में 260 तथा बाजना में 40 किसानों ने पंजीयन करवाया है। इस प्रकार जिले में अब तक कुल 25591 किसान पंजीयन किए जा चुके हैं। किसान पंजीयन की अंतिम दिनांक 31 मार्च से बढाकर अब 9 अप्रैल कर दी गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 15 मार्च से 5 मई तक होना है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में एफएक्यू गुणवत्ता के गेहूं का समर्थन मूल्य (केंद्र शासन द्वारा 2425 रूपए प्रति क्विंटल एवं राज्य शासन का बोनस 175 रूपए प्रति क्विंटल) 2600 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इच्छुक किसान अंतिम तिथि के पूर्व किसान पंजीयन करवाना सुनिश्चित करें। जिले में निर्धारित 65 केन्द्रों पर कुल पंजीकृत 25591 किसानों में से अब तक 10947 किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु स्लाटट बुक करवाए हैं। जिले में अब तक 3544 किसानों से 25991 टन गेहूं खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है।

## रबी विपणन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन एवं दावा आपत्ति

**रतलाम।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन व्यवस्था को सरल और सहज बनाया गया है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत कार्यालय, जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित 65 केन्द्रों पर पंजीयन किए जा रहे हैं। गेहूं का उपार्जन शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल तथा बोनस 175 रुपए प्रति क्विंटल की दर से निर्धारित अवधि 15 मार्च से प्रारम्भ होकर 5 मई तक किया जाना है। कलेक्टर राजेश बाथम ने बताया कि जिले में पंजीकृत कृषको द्वारा डीजिटल क्राप सर्वेक्षण अन्तर्गत फसल दावा आपत्ति के माध्यम से सत्यापन संबंधी समस्या का निराकरण किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा फसल दावा आपत्ति की समय सीमा केवल किसानों हेतु 15 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। उक्त अवधि में केवल एम.पी. किसान एप के माध्यम से संबंधित किसान द्वारा दावा आपत्ति फसल की जानकारी के विरुद्ध दर्ज कराई जा सकती है, जिसका निराकरण सारा पोर्टल के माध्यम से तहसीलदार लागिन द्वारा 17 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। किसान भाई आवश्यकतानुसार कार्यवाही कर सकते हैं।

# रतलाम प्रेस क्लब के आने वाले निवार्चन का शंखनाद

**रतलाम।** शहर में पत्रकारों की सबसे प्रतिष्ठित और संगठित संस्था रतलाम प्रेस क्लब के आने वाले निवार्चन का शंखनाद हो गया है। रतलाम प्रेस क्लब के द्वि-वार्षिक निर्वाचन सम्पन्न करवाने के लिए रतलाम बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव ऊबी निर्वाचन अधिकारी हैं।



क्लब के वर्तमान अध्यक्ष मुकेश पुरी गोस्वामी, सचिव यश शर्मा बंटी, उपाध्यक्ष डॉ. हिमांशु जोशी ने नवीन निर्वाचन सम्पन्न करवाने के लिए उन्हें रतलाम प्रेस क्लब की ओर से पत्र सौंपा गया। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य आरिफ कुरैशी, नीरज शुक्ला, कमल सिंह जाधव, सौरभ कोठारी, प्रदीप नागौरा, जलज शर्मा, अर्पित चौबे आदि के साथ ही बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री ऊबी, अभिभाषक राकेश शर्मा, संतोष त्रिपाठी उपस्थित थे। श्री ऊबी ने कहा कि पत्र प्राप्ति के बाद वे निर्वाचन सम्पन्न करवाने के लिए प्रेस क्लब के संविधान का अध्ययन और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की नियुक्ति आदि करेंगे। इसके साथ साधारण सभा आहूत करने और निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करवाने के लिए तिथि की घोषणा की जाएगी।

चुनावी बिसात में उतरेंगे महारथी

पत्र सौंपने के पूर्व गुरुवार को ही रतलाम प्रेस क्लब भवन पर अंतिम मतदाता सूची भी चस्पा की गई। क्लब के 92 सदस्यों को मताधिकार प्राप्त है जो आने वाले निर्वाचन में रतलाम प्रेस क्लब के नवीन अध्यक्ष, सचिव, 3 उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, 2 सह सचिव, 11 कार्यकारिणी सदस्यों सहित 19 सदस्यीय नवीन कार्यकारिणी का चुनाव करेंगे। निर्वाचन के पूर्व रतलाम प्रेस क्लब की साधारण सभा का आयोजन भी होगा। इसमें सर्वानुमति या मनोनयन नहीं होने पर निर्वाचन होंगे। उल्लेखनीय है कि संस्था के निर्वाचन के पूर्व ही पत्रकारों में संस्था निर्वाचन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं, आने वाले समय में उत्साह और बढने की उम्मीद है।

# प्राचीन धरोहर गुलाब चक्कर परिसर में दो ओपन एयर रेस्टोरेंट का होगा संचालन : कलेक्टर बाथम

**रतलाम।**

कलेक्टर राजेश बाथम ने बताया कि प्राचीन धरोहर का सौंदर्यीकरण कर पर्यटन एवं मनोरंजन के क्षेत्र में आम नागरिकों को विशेष सौगात उपलब्ध कराई जा रही है। प्राचीन धरोहर गुलाब चक्कर का जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण कार्य जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रतलाम द्वारा कराया गया है। गुलाब चक्कर परिसर में दो ओपन एयर रेस्टोरेंट का संचालन किया जाएगा जिसके लिए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रतलाम द्वारा 16 अप्रैल 2025 को दोपहर 12ः00 बजे तक पृथक दो ऑनलाइन वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किए गए है प्रत्येक रेस्टोरेंट हेतु 1400 वर्गफीट स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। रेस्टोरेंट में पर्यटक/रतलामवासी पारिवारिक माहोल में शुद्ध शाकाहारी भारतीय व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। गुलाब चक्कर में विशेष कलर लाईटिंग, साउण्ड की व्यवस्था की गई है।


गुलाब चक्कर में गुम्बदाकार परिसर के उपयोग हेतु कलेक्टर राजेश बाथम द्वारा नीति निर्धारण की गई है जिसके अनुसार परिसर में सार्वजनिक जनहित के कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। परिसर में समस्त वही कार्यक्रम अनुमत होंगे जिनमें सर्वजन की सहभागी हो सके अर्थात किसी भी धर्म, समाज, वर्ग विशेष के कार्यक्रम उक्त परिसर में नहीं हो सकेगें।कार्यक्रम में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश बंधित नहीं किया



जाएगा। केवल वही व्यक्ति प्रतिबंधित किए जाऐंगें जिनसें कार्यक्रम में विघ्न अथवा शांतिभंग की आशंका हो। गुलाब चक्कर परिसर में योग, शारीरिक स्वास्थ्य, खेल आदि के लिए नियमित रूप से क्लासेज आदि चलाने की अनुमति दी जा सकेगी। गुलाब चक्कर परिसर में समय समय पर जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रतलाम मेला, फूड मेला, प्रदर्शनी आयोजित करने की अनुमति प्रदान की जाएगी। आयोजक को गुलाब चक्कर परिसर के मूल स्वरूप से छेडछाड की अनुमति नहीं होगी और न वे कार्यक्रम के अतिरिक्त अन्य विषयक फ्लैग बैनर लगा सकेगें। आयोजक को लाउडस्पीकर की धीमी आवाज में केवल गुलाब चक्कर के गुम्बदाकार परिसर के भीतर उपयोग करने की अनुमति रहेगी। परिसर को गीत संगीत कार्यक्रम एवं एकल नाटक, लोक नाटक, साहित्यिक गोष्ठी, खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी, हस्तकरद्या प्रदर्शनी मेला, कला प्रदर्शनी, पेंटिंग प्रदर्शनी, पुस्तक मेला, शिल्प मेला, फूड मेला , लाफ्टर शो, कवि सम्मेलन, छायाचित्र प्रदर्शनी, बच्चों के लिए हॉबी क्लासेस, समर केम्प आदि के लिए दिया जा सकेगा। किसी भी स्थिति में उक्त परिसर में व्यक्तिगत कार्यक्रम आयोजित नही किया जाएगें। प्रथम तीन माह तक उक्त सभी गतिविधियों के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। केवल परिसर की साफ सफाई के लिए न्यूनतम राशि जमा करानी होगी। तीन माह के पश्चात जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रतलाम के द्वारा परिसर के उपयोग हेतु निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। उक्त कार्यो के लिए कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 204, 205 में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद रतलाम के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# मध्य प्रदेश भाजपा का नया बॉस कौन...?

## इस पखवाड़े में प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर लग जाएगी मुहर




**इंदौर। मप्र भाजपा में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर एक बार फिर से सरगर्मी तेज हो गई है। चर्चा है कि इस पखवाड़े में भाजपा के नए अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। वहीं इसी महीने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव भी हो जाएगा। इसके लिए आधे राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना जरूरी है।**

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागपुर दौरे के बाद चुनावी प्रक्रिया तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक 30 मार्च को मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात में नए अध्यक्ष के नाम पर चर्चा हुई है। मोदी के नागपुर से लौटने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी बातचीत हुई है।

प्रधानमंत्री ने वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और संगठन महामंत्री बीएल संतोष से राज्यों के संगठनात्मक चुनाव पर चर्चा की। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने नड्डा और बीएल संतोष से कहा है कि इसी महीने भाजपा अध्यक्ष का चुनाव पूरा करें। भाजपा ने अब तक 13 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए 19 राज्यों में चुनाव पूरे करने जरूरी हैं। सूत्रों के मुताबिक एक पखवाड़े में मप्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल समेत बाकी बचे अधिकांश राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के नामों की घोषणा कर दी जाएगी। यानी 50 प्रतिशत राज्यों के चुनाव पूरा होने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव किया जा सकेगा।

### नए कप्तान की तलाश अंतिम चरण में

मप्र भाजपा में नए कप्तान की तलाश अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। कई दिनों से टल रहे इस चुनाव को लेकर अब तेजी आ गई है। वीडी शर्मा को संसद की याचिका समिति में जगह मिलने से उनके दोबारा अध्यक्ष बनने की संभावना कम हो गई है। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि पार्टी ने शर्मा को यह पद देकर उन्हें अध्यक्ष पद से दूर रखने का संकेत दे दिया है। ऐसे में नरोत्तम मिश्रा की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है। वे इस रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। अब लिस्ट में सबसे आगे नरोत्तम मिश्रा और कैलाश विजयवर्गीय के अलावा फग्गन सिंह कुलस्ते, सुमेर सिंह सोलंकी, हिमाद्री सिंह, दुर्गादास उइके, हेमंत खंडेलवाल, अर्चना चिटनिस, रामेश्वर शर्मा और आलोक शर्मा जैसे कई नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं।



### सबसे ज्यादा चर्चा में नरोत्तम मिश्रा

इस गुप्त बैठक के बाद से ही पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है। सूत्रों की मानें तो विजयवर्गीय ने शाह के सामने नरोत्तम मिश्रा के नाम का प्रस्ताव रखा है। ऐसी भी खबरें हैं कि पार्टी कैलाश विजयवर्गीय को भी यह मौका दे सकती है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष की दौड़ में शिवराज भी

जहां तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की बात है तो उसके लिए शिवराज सिंह चौहान का नाम भी चर्चा में है। शिवराज सिंह चौहान 6 बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। 4 बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। 13 साल की उम्र में आरएसएस से जुड़े और इमरजेंसी के दौरान जेल भी गए।

ओबीसी कैटेगरी से हैं। 2005 में मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं। आरएसएस की लिस्ट में शिवराज सबसे ऊपर हैं। इनके अलावा सुनील बंसल, धर्मेन्द्र प्रधान, रघुवर दास, स्मृति ईरानी, वानति श्रीनिवासन, तमिलिसाई सौंदर्यराजन, डी. पुरंदेश्वरी भी दावेदार हैं।

### एक से बढ़कर एक दमदार हैं सारे दावेदार

राजनीतिक विश्लेषक प्रकाश भटनागर कहते हैं कि हालांकि ये चुनाव का समय नहीं है, लेकिन बीजेपी में प्रदेश अध्यक्ष के पहले भी पर्याप्त मंथन होता है। जातिगत समीकरण, क्षेत्रीय समीकरण सब पर ध्यान होता है। मध्य प्रदेश की गिनती बीजेपी संगठन के लिहाज से उन राज्यों में होती है, जो बीजेपी के आदर्श संगठन कहे जाते हैं। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से दिए गए कई कार्यक्रमों में बीजेपी ने हमेशा अव्वल प्रदर्शन किया है।

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के सारे दावेदार हैं दमदार

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष के मामले में इस बार पार्टी के सारे दमदार नेता दावेदार हैं। जिसमें सबसे आगे नाम हेमंत खंडेलवाल का है। पार्टी सूत्रों की मानें तो ये नाम लंबे समय से नंबर एक पर चल रहा है। फिर सामान्य वर्ग से जो दो नाम सर्वाधिक मजबूत हैं उनमें पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा और डॉ. अरविंद भदौरिया का है। हालांकि जिस तरह से राजस्थान और एमपी में मुख्यमंत्री के नाम में बीजेपी ने चौंकाया था, वही प्रयोग प्रदेश अध्यक्ष के मामले में भी हो सकता है।

जानकार कहते हैं कि बीजेपी जातिगत समीकरणों का भी पूरा ध्यान रखती है। सत्ता के मामले में पार्टी ने लगातार पिछड़ा वर्ग को एड्रेस किया है। उमा भारती से लेकर दिवंगत बाबूलाल गौर, शिवराज सिंह चौहान और अब डॉ. मोहन यादव सभी पिछड़ा वर्ग से हैं।

अब प्रदेश अध्यक्ष के मामले भी पार्टी काफी मंथन के बाद उस नाम पर मुहर लगाएगी। अब ये नाम बाकी बचे वर्गों से हो सकता है, जिसमें सामान्य भी है और आदिवासी भी।

# मप्र में एनआईए की तर्ज पर बनी एसआईए

## नक्सली गतिविधियों को रोकने सरकार ने बनाई जांच एजेंसी

**इंदौर। नक्सली गतिविधियों को रोकने, जांच व उनके विरुद्ध ऑपरेशन के लिए प्रदेश में स्टेट इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एसआईए) का गठन किया गया है। पुलिस मुख्यालय की सीआईडी शाखा के आईजी स्तर के अधिकारी को इसका प्रमुख बनाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित अन्य राज्यों में भी इसी तरह की जांच एजेंसी बनाई गई है।**



यह केंद्र की नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) की तरह काम करेगी। एनआईए का गठन देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त लोगों पर कार्रवाई के लिए किया गया है।

केंद्र सरकार के निर्देश पर महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में इसका गठन किया जा चुका है। नक्सलियों ने इन तीनों राज्यों को मिलाकर एक जोन (एमएमसी) बनाया हुआ है। एसआईए से इसमें नक्सलियों के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी आएगी। बता दें, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च, 2026 तक देश से नक्सल समस्या पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य रखा है। एसआईए का गठन इसी दिशा में एक प्रयास है। इसका मुख्य काम नक्सलियों के नेटवर्क का पता लगाना है। साथ ही, एजेंसी के अन्य कार्य नक्सलियों को आर्थिक सहायता कहां से मिल रही है, नक्सलियों द्वारा उपयोग किए जा रहे हथियार उन तक कैसे पहुंच रहे हैं, नए नक्सलियों की भर्ती का तरीका, ग्रामीणों से संपर्क की रणनीति, बड़ी नक्सली घटनाओं की जांच से संबंधित रहेगा। मध्य प्रदेश एसआईए नक्सल गतिविधियों की रोकथाम में एनआईए का भी सहयोग लेगी। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि एसआईए ने काम प्रारंभ कर दिया है।

### मप्र में सक्रिय हैं 65 से 70 नक्सली

बता दें, मध्य प्रदेश में नक्सल प्रभावित बालाघाट, मंडला और डिंडौरी जिलों में 65 से 70 नक्सली सक्रिय हैं। इनमें लगभग आधी महिलाएं हैं। ये नक्सली मूल रूप से छत्तीसगढ़ या महाराष्ट्र के हैं। मध्य प्रदेश के मात्र तीन ही हैं। पुलिस का प्रयास है कि ये नक्सली या तो आत्मसमर्पण कर दें या उन्हें मार दिया जाए। नक्सली संगठन में नई भर्ती नहीं होने पाए, यह भी पुलिस की कोशिश है।

# अब कांग्रेस शुरू करेगी कार्यकर्ता पंचायत

## संगठन को मजबूत करने की कवायद

इंदौर। मप्र में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए तरह-तरह के प्रयास किया जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए पीसीसी चीफ जीतू पटवारी प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के साथ मिलकर रणनीति तैयार कर रहे हैं। इसी रणनीति के तहत अब कार्यकर्ता पंचायत का आयोजन करने की तैयारी की जा रही है।

इसमें बूथ स्तर के कार्यकर्ता को अपने मन की बात कहने की छूट दी जाएगी। इसके लिए योजना तैयार कर ली गई है। जानकारी के अनुसार इसी माह के अंतिम सप्ताह से शुरू करने की तैयारी है। जीतू पटवारी का मानना है कि इससे गुटबाजी पर भी लगाम लगेगी। दिल्ली की बैठक से लौटने के बाद पटवारी ने कार्यकर्ता पंचायत के नाम से हर जिले में जाने की तैयारी की है, ताकि निचले स्तर के कार्यकताओं और नेताओं से वे उनके मन की बात जान सके।

**कार्यकर्ताओं के बीच जाएंगे जीतू पटवारी**-पीसीसी चीफ जीतू पटवारी कार्यकर्ताओं के मन की बात सुनने के लिए हर जिले के दौरे का प्लान बना रहे हैं। इसके तहत वे कार्यकर्ताओं के बीच जाएंगे और उनकी शिकायतों को लेकर बात करेंगे। दरअसल पटवारी खुद कांग्रेस में गुटबाजी को कैंसर बता चुके हैं, जिसको लेकर उन्हें अपने ही नेताओं की आलोचना का शिकार होना पड़ा है।

**प्रदेश के बड़े नेताओं का शुरू होगा दौरा**-एमपी कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने जब से पद संभाला है, सभी नेताओं को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने आते ही शुरुआती दौर में ही कह दिया है कि किसी प्रकार की गुटबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। जमीन पर काम करने वाले नेताओं को ही तवज्जो दी जाएगी। इसी कड़ी मे एमपी कांग्रेस के बड़े नेताओं के हर जिले में जाने का प्लान तय किया गया है।

# कांग्रेस संगठन में होगा फेरबदल!

## अहमदाबाद अधिवेशन के बाद बनेगी रणनीति

**इंदौर। राहुल गांधी अहमदाबाद में होने जा रहे पार्टी के अधिवेशन के साथ उन्हें लेकर बनी इस धारणा को तोड़ेंगे कि राहुल रीच में नहीं है। पार्टी संवाद का नया सेतु खड़ा करने की तैयारी में है। अहमदाबाद में होने जा रहे कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में राहुल गांधी मप्र के साठ जिलों के जिलाध्यक्षों से वन टू वन बात करेंगे। एक तरीके से जिलाध्यक्षों के मन की बात सुनेंगे।**

कमलनाथ का डेढ़ साल का अंतराल छोडक़र मध्य प्रदेश में आखिर कांग्रेस क्यों तेईस साल से सत्ता से बाहर है? क्या वजह है कि कांग्रेस सत्ता की सीढ़ी नहीं चढ़ पाई? अहमदाबाद में होने जा रहे इस अधिवेशन में पार्टी मध्य प्रदेश में कांग्रेस की कमजोर कड़ी तलाशेगी। कितने कांग्रेसी हैं जो पार्टी में रहकर बीजेपी का काम कर रहे हैं, उनकी पहचान भी की जाएगी। माना जा रहा है कि इस अधिवेशन के बाद पार्टी मध्य प्रदेश कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव कर सकती है।

### जिलाध्यक्षों से होगी वन टू वन

अहमदाबाद में होने जा रहे पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में संभवत~ ये पहली बार होगा कि राहुल गांधी एक-एक जिला अध्यक्ष से वन टू वन करेंगे। कांग्रेस का मानना है जिलाध्यक्ष असल में पार्टी की जमीन हैं। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ये सारी कवायद इस बात के लिए है कि पता लगाया जा सके कि पार्टी के कमजोर होते जाने की वजह क्या है। और किस तरह समय रहते पार्टी की इस



बीमारी का ईलाज किया जा सकता है।

### कांग्रेस की कमजोरियों और रणनीतियों पर होगा मंथन

इसमें कांग्रेस के भीतर कि वो कामजोर कड़ियां जिन्होने बीजेपी की राहें आसान करने में भूमिका निभाई, उनकी भी पहचान की जाएगी। इस बात पर गहरा मंथन होगा कि 2003 के बाद ऐसा क्या हुआ कि मध्य प्रदेश में काग्रेस को सत्ता की सीढ़ी चढने् में पहले पंद्रह साल लगे। और फिर डेढ़ साल में ही सत्ता गंवाने के बाद पार्टी वापसी नहीं कर पाई। कांग्रेस की कहां-कहां, क्या कमजोरियां हैं? कौन से नवाचार किये जा सके हैं। इस अधिवेशन के बाद मध्य प्रदेश में कांग्रेस नए तेवर और कलेवर मे दिखेगी। पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक बताते हैं कि मप्र के मौजूदा साठ जिलों के अध्यक्षों को इस अधिवेशन में बुलाया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अधिवेशन में शामिल होंगे।

### अधिवेशन के बाद होगा बड़ा बदलाव

जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद में आठ और नौ अप्रैल को होने जा रहे पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन के बाद मध्य प्रदेश में बड़ा बदलाव हो सकता है। मप्र में कांग्रेस की जो गुटबाजी फिर सतह पर आई उसकी धमक अहमदाबाद में होने जा रहे पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी सुनी जाएगी। जिस तरह से बड़े नेताओं के बीच में दूरियां है और संवाद का अभाव है। उसे गंभीरता से लिया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की परफॉर्मेंस रिपोर्ट भी इस अधिवेशन में डिस्कस होगी। साथ ही इस बात पर मंथन होगा कि वे कौन से बड़े नेता हैं जिनकी वजह से पार्टी में आम कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं हो पा रही है। किन नेताओं के अहम पार्टी से बड़े हैं जिसका नुकसान लगातार पार्टी को उठाना पड़ रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड,
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com